


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-277 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अरविंद कुमार होंगे हाईकोर्ट के नए जज

**बिलासपुर,5 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक नए जज की नियुक्ति को मंजूरी दी है.



बेंच कोटे से न्यायिक सेवा के हाईकोर्ट के रजिस्टार जनरल अरविंद कुमार वर्मा नए जज होंगे. केंद्र सरकार को नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा गया है. केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के साथ ही हाईकोर्ट में जजों की संख्या 16 हो जाएगी.

### भाजयुमो नेता की सरेराह पिटाई

**रायपुर,5 जनवरी।** भाजयुमो के पदाधिकारी से मारपीट के आरोप में टिकरापारा थाना पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें से युवा कांगेस का एक नेता भी शामिल है। आरोपितों ने भाजयुमो नेता को सड़क पर घसीटकर लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा था। टिकरापारा पुलिस थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे के मुताबिक डूंडा निवासी सौरभ यादव भाजयुमो के सिविल लाइन मंडल में मंत्री हैं। एक जनवरी की रात एक बजे वे लौट रहे थे। रास्ते में दो युवकों ने उनसे गाली-गलौज की। सौरभ ने गाली देने से मना किया तो विवाद हो गया। इसके बाद सौरभ वहां से चले गए। सौरभ ने पुलिस को बताया कि वे अपने दोस्त के साथ धरमनगर की गली में पहुंचे ही थे कि पीछे से चार-पांच युवकों ने सिर पर बांस के डंडे से वार कर दिया। वे जमीन पर गिरे तो लात-घुंसे और बेल्ट से पीटने लगे। सड़क पर घसीटकर सौरभ को पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपितों की पहचान की। फिर युवा कांग्रेस के नेता गुढ़ियारी निवासी विक्की साहू, लोकेश साहू, इशू साहू, ओमकार साहू को गिरफ्तार कर लिया।

### भजनों के जरिए देश विदेश में बैठे लोगों को राममय बनाने में जुटे मोदी

**लखनऊ ,5 जनवरी ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राममंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के पहले भजनों के जरिए माहौल को राममय बनाने में जुटे है। इसके माध्यम से देश विदेश में बैठे लोग भी राममय हो रहे। उन्होंने प्रसिद्ध गायक हंसराज, स्वाती मिश्रा के बाद आज जुबिन नौटियाल के भजन को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं और इस खास मौके के इंतजार में देशभर का माहौल राममय होता जा रहा है। ऐसे में भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा जुबिन का भजन जबरदस्त पॉपुलर हो रहा है।

इस भजन में उनके साथ पायल देव की भी आवाज है और इसके बोल लिखे हैं गीतकार मनोज मुंतशिर ने। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मुठभेड़

**श्रीनगर ,5 जनवरी ।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के चोटीगाम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शोपियां जिले के चोटीगाम इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस ने कहा, शोपियां पुलिस, सेना और सीआरपीएफ काम पर हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## स्कूलों में पहला पीरियड होगा योग प्राणायाम और नैतिक शिक्षा का

### अब 3 साल तक नहीं बदलेंगी किताब



■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,5 जनवरी।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बीते दिन गुरुवार को महानदी भवन मंत्रालय में चली अपनी पहली ही मैराथन बैठक में प्रदेश हित में बड़े निर्णय लिए। वहीं आज शुक्रवार को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बयान दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में बच्चों के भविष्य बनाने का विभाग है, हमने निर्देश दिया है कि बच्चों का जो पहला पीरियड हो वह योग, प्राणायाम और नैतिक शिक्षा पर हो, जो हर साल किताब बदलते हैं जो गरीब बच्चे हैं वह आजू-बाजू से किताबें लेकर पढ़ लेते थे। किताब छापने वालों को फायदा देने के लिए हर साल किताब बदल दिया जाता है, 3 साल से पहले किताबों को ना बदला जाए इसके निर्देश दिए गए हैं। कल मैराथन बैठक में लिए इन निर्णयों में राजिम में कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने के साथ ही प्रदेश की विरासत सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने और छत्तीसगढ़ में मैनपाट, चैतुरगढ़ जैसे हिल स्टेशन में शिमला, मनाली के तर्ज पर मॉल रोड बनाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में टूरिस्ट प्रदेश के सुंदर अद्भुत नजारों को आनंद आधुनिक सुविधाओं के साथ ले सकें। इसके साथ ही कक्षा 9वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में निःशुल्क साइकल तथा 12वीं तक पाठ्य पुस्तकों के निःशुल्क वितरण के भी निर्देश दिए।

## सोमालिया के तट से हाइजैक हुआ जहाज

### 15 भारतीय सदस्य हैं सवार, एक्शन में नेवी

**मोगादिशू,5 जनवरी।** अफ्रीकी देश सोमालिया के तट से एक मालवाहक जहाज को हाइजैक करने की खबर सामने आ रही है। इस जहाज पर चालक दल के 15 भारतीय सदस्य सवार हैं। हाइजैक की सूचना मिलने के बाद से भारतीय नौसेना एक्शन मोड में है। नौसेना ने इस संबंध में अपडेट भी जारी किया है। भारतीय नौसेना हाइजैक किए गए जहाज के आसपास की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। भारतीय नेवी को जहाज के हाइजैक होने की सूचना कल शाम मिली थी। इसके मुताबिक, यह जहाज सोमालिया के तट के पास से हाइजैक हुआ है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सैन्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा है और इसका नाम जहाज एमवी लीला नॉरफॉक है। इस पर चालक दल के 15 भारतीय सदस्य सवार हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हाइजैक किए गए जहाज की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने के लिए भारतीय नौसेना के विमानों को तैनात किया गया है। चालक दल के साथ कम्युनिकेशन सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया गया है। इससे जहाज की स्थिति का आकलन करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना का



युद्धपोत आईएनएस चेन्नई स्थिति से निपटने के लिए हाइजैक जहाज की ओर बढ़ रहा है। अपराधियों की पहचान सहित अपहरण से संबंधित विवरण फिलहाल अज्ञात हैं। बता दें कि पिछले दिनों मालवाहक जहाजों पर समुद्री हमलों में अचानक वृद्धि देखी गई है। इससे पहले अरब सागर में पोरबंदर तट पर 23 दिसंबर को एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमला हुआ था। जहाज के चालक दल में 21 भारतीय शामिल थे। यह घटना उस वक्त हुई थी जब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच लाल सागर में जहाजों पर हमले तेज कर दिए। यही वजह है कि भारतीय नौसेना ने हाल में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं के मद्देनजर अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपने निगरानी तंत्र को बढ़ा दिया है। नौसेना ने अग्रिम पंक्ति के विध्वंसक और युद्धपोत तैनात करके निगरानी के स्तर को बढ़ाया है। वाणिज्यिक कच्चे तेल का टैंकर एमवी साईं बाबा भारत की ओर जा रहा था और उसी दिन दक्षिणी लाल सागर में एक संदिग्ध ड्रोन हमले का शिकार हो गया।

नौसेना ने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य/उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों समुद्री सुरक्षा से संबंधित घटनाएं बढ़ी हैं। उसने भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर जहाज एमवी रुएन पर हाल में हुई समुद्री डकैती की घटना का भी जिक्र किया गया है।

## आईएएस अफसरों के तबादला आदेश में संशोधन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,5जनवरी।** आईएएस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग आर्डर में सरकार ने बदलाव किया। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने यह संशोधित आदेश जारी किया है। जीएडी के अनुसार टंक त्रुटि के कारण कुछ अफसरों के आदेश में गलती हो गई थी। बता दें कि 3 जनवरी की आधी रात को सरकार ने 88 आईएएस अफसरों की ट्रांफसर-पोस्टिंग का आदेश जारी किया था। इनमें 2 अफसरों के विभागों में संशोधन किया गया है। बसवराजू को नगरीय प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। पहले जारी आदेश में उन्हें चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की बात कही गई थी। जीएडी के आदेश के अनुसार चिकित्सा शिक्षा टंक त्रुटि थी। दरअसल बसवराजू को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग का सचिव पदस्थ करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह शहला निगार के आदेश में पशुधन विकास के स्थान पर दुग्धपालन लिखा गया था। जीएडी के नए आदेश के अनुसार निगार को कृषि उत्पादन आयुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग , सचिव कृषि ( मत्स्यपालन, पशुधन विकास, गोठान) विभाग, गन्ना आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रही बीजेपीः शरद

**मुंबई,5 जनवरी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भाजपा पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रही है। पवार ने यह भी कहा कि जिनके पास सत्ता है उन्हें सिर्फ गोमूत्र दिखता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए और भाजपा का जिक्र करते हुए, पवार ने कहा कि केवल आरएसएस के कार्यक्रम ही उन्हें दिखाई देते हैं। राकांपा प्रमुख ने कहा कि निजीकरण, गलत प्रचार फैलाना, मुस्लिम समुदाय के प्रति नफरत और आक्रामक राष्ट्रवाद ये भाजपा के एजेंडे के मूल में मुद्दे हैं। पवार ने कहा कि भाजपा सत्ता में है, उन्होंने आक्रामक प्रचार प्रणाली स्थापित की है। यह जर्मनी में हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में सत्ता से बाहर है। देश में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल नहीं है। प्रधानमंत्री केवल गारंटी देते हैं, जो हैं कभी पूरा नहीं हुआ। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत



ने पवार की टिप्पणी का समर्थन करते हुए कहा, देश विज्ञान के साथ आगे बढ़ेगा। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा, शरद पवार ने जो कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है। यह देश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा की मदद से बढ़ेगा और आगे बढ़ेगा। भाजपा पर शरद पवार के बयान के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि अगर कोई इसका विरोध करता है, तो इसका मतलब देश को 5000 साल पीछे ले जाने और धर्म के आधार पर संघर्ष पैदा करने की इच्छा है।

## मैत्री बाग में सफेद बाघ का कुनबा बढ़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई,5 जनवरी। मैत्री बाग चिड़ियाघर में एक बार फिर से रौनक दिखाई देगी। मैत्री बाग चिड़ियाघर में चार महीने पहले 2 नए शावको का जन्म हुआ था। जन्म के बाद से जू प्रबंधन द्वारा इन्हे डार्क रूम में विशेष निगरानी में रखा गया था। लेकिन अब दोनो नन्हे सफेद बाघों के शावको को



अब बड़े बाड़ों में छोड़ा गया । साथ ही दो शावको का नामकरण 24 जनवरी को किया जायेगा मैत्री बाग के चिड़ियाघर में सफेद बाघ आजाद और रोमा से जन्मे ये दो नन्हे शावक पिछले चार महीनो से इसी डार्क रूम में अपनी मां के साथ बंद थे। अब इन्हे खुले रूप से बड़े बाड़े में छोड़ा जायेगा। नन्हे शावको शावको मे एक नर और एक मादा है।इनका जन्म 8 सितम्बर 2023 को हुआ था मैत्री बाग चिड़ियाघर प्रबंधन ने दो शावको के नाम की प्रक्रिया जू प्रबंधन ने शुरू कर दी है मैत्री बाग के प्रभारी डॉ एन के जैन बताया कि सफेद बाघ के कुनबो में इजाफा हुआ है। वर्तमान में अब मैत्री बाग में कुल 10 सफेद बाघ हो गए है। करीब चार महीने के हो चुके इन शावको को जन्म के बाद से आइसोलेट किया गया था। तब से इन्हे मां के दूध के साथ केल्शियम की दवाएं दी जा रही थी। लेकिन अब ये रेड मीट खाने लगे है। मैत्री बाग चिड़ियाघर सफेद बाघों में सबसे अधिक वाला चिड़ियाघर है मैत्री बाग प्रबंधन ने सेंट्रल जू ऑथोरिटी के नियमानुसार अब तक देश के 5 से अधिक चिड़ियाघरो में बाघों का आदान प्रदान कर चुकी है

### दिल्ली में कोल्ड डे की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली ,5 जनवरी ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को दिल्ली में कोल्ड डे रहने और अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की भविष्यवाणी की है। हालांकि, शहर का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ईंधन सेल तकनीक का ट्रायल सफल

**नई दिल्ली,5 जनवरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 की सफलता के बाद एक और कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने ईंधन सेल का सफल ट्रायल किया है। इससे भविष्य में अंतरिक्ष से जुड़े अभियानों को लेकर प्रणालियों के डिजाइन के लिए आंकड़ें एकत्रित करने में मदद मिलेगी। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि केवल पानी का उत्सर्जन करने वाली ये ईंधन सेल अंतरिक्ष में बिजली उत्पादन का भविष्य हैं। इससे निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में स्पेस कैंपेन को बढ़ावा मिलेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म पोअम 3 में 100 वॉट वर्ग की पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल आधारित पावर



सिस्टम का सफल ट्रायल किया। पोअम 3 का पीएसएलवी-सी58 से 1 जनवरी को प्रक्षेपण किया गया था। इसरो ने एक बयान में कहा, इस प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल के संचालन का आकलन करना है। साथ ही भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन की सुविधा के लिए आंकड़ें एकत्रित करने हैं। पोअम (पीएसएलवी कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल) में छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान उच्च दाब वाले कंटेनर में रखी हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गई। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इसने विभिन्न स्थैतिक और गतिशील प्रणालियों के प्रदर्शन पर प्रचुर मात्रा में डेटा मुहैया कराया जो बिजली प्रणाली और भौतिकी का हिस्सा थे। हाइड्रोजन ईंधन सेल शुद्ध जल और ऊष्मा के साथ ही सीधे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से बिजली उत्पन्न करते हैं। ईंधन सेल को आज इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों में इंजन के स्थान पर सबसे उचित विकल्प माना जाता है।

### छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने दिया इस्तीफा

**रायपुर,5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने 3 फरवरी 2023 को आयोग का गठन करने के साथ बतौर अध्यक्ष ढांड की नियुक्ति की थी। विवेक ढांड ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को सौंपे अपने इस्तीफे देने की वजह व्यक्तिगत कारण बताया है. इस्तीफा सौंपने के साथ ही तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का आग्रह किया है।

## निर्माणाधीन 'स्मार्ट रीडिंग रूम' का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रायपुर,5 जनवरी**

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से मोतीबाग के समीप 6 करोड़ रुपए की लागत से ÷स्मार्ट रीडिंग रूम÷ का निर्माण किया जा रहा है. नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज इस निर्माणाधीन ÷स्मार्ट रीडिंग रूम÷ का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अध्ययनरत युवाओं को उनकी जरूरत की पुस्तकें, इंटरनेट कनेक्टिविटी और उत्कृष्ट वातावरण प्राप्त हो इसका ध्यान अवश्य रखें. कलेक्टर के साथ नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा भी साथ थे.



कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देशित किया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयोगी जरूरी पुस्तकें इस अध्ययनरत 600 सीटर रीडिंग रूम-लाईब्रेरी के साथ ही किया जाए. उन्होंने कहा कि ऊपरी तल का उपयोग भी अध्ययन के लिए प्राथमिकता से किया जाए. इससे अधिकांश विद्यार्थियों को इस रीडिंग रूम-लाइब्रेरी का लाभ मिले. साथ ही डॉ. गौरव सिंह ने निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए. वहीं, लाइब्रेरी का संचालन नालंदा परिसर की तर्ज पर समिति की ओर से किया जाएगा.

## सुको ने खारिज की शाही ईदगाह से जुड़ी याचिका

**नई दिल्ली,5 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के पुरातात्विक सर्वेक्षण और साइट को श्री कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने से इनकार कर दिया, यह देखते हुए कि मुकदमेबाजी की बहुलता उचित नहीं थी जब सिविल सूट का एक बंडल हो। मामले पर फैसला सुनाया जा रहा था। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि आइए मुकदमेबाजी की बहुलता न रखें। आपने इसे जनहित याचिका



के रूप में दायर किया, इसलिए इसे खारिज कर दिया गया।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि जनहित याचिका को पिछले अक्टूबर में उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था क्योंकि इस मुद्दे पर कुछ मुकदमे लंबित थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता महेक माहेश्वरी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि जनहित याचिका में 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को भी चुनौती देने की मांग की गई है, जो 15 अगस्त, 1947 (राम जन्मभूमि भूमि को छोड़कर) तक मौजूद सभी पूजा स्थलों के चरित्र की रक्षा करता है। अदालत ने जवाब दिया कि उच्च न्यायालय ने अपने बर्खास्तगी आदेश में अधिनियम की वैधता को चुनौती देने का उपाय खुला छोड़ दिया था। हम आक्षेपित फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए एसएलपी खारिज की जाती है।

## कटारिया ने किया संकल्प यात्रा व शिविर का निरीक्षण

**सक्ती,5 जनवरी।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देता हुआ डिजीटल रथ गांव-गांव में पहुंच रहा है। शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभाग शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की न केवल जानकारी दे रहे है बल्कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर मौके पर ही उन्हें योजनाओं का लाभ देने प्रक्रिया पूरी कर रहे है। इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा जिले के लिए नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस श्री अमित कटारिया आज सक्ती जिले के दौरे पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद पंचायत सक्ती के गढ़गोढ़ी में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। अतः अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तभी विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सफल होगा। उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को योजना का लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया के बारे में आमजन को विस्तार से जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस



अधीक्षक श्री एम आर आहिरे सहित सभी विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस श्री अमित कटारिया ने ग्राम पंचायत गढ़गोढ़ी में आयोजित शिविर का जायजा लेते हुवे स्वास्थ्य, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की तथा गांव में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर उपस्थित लोगों को उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करेंगे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं से जुड़े प्रमाण-पत्र, सामग्री व सहायता राशि का चेक वितरित किए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, सक्ती जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश राठौर, विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला नोडल अधिकारी श्री बी पी भारद्वाज, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा, एसडीएम सक्ति श्री पंकज डाहिरे, सक्ती जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रीति पवार, ग्राम सरपंच, समस्त पंचगण, ग्रामीणजन सहित

## छापा मारने गई ईडी की टीम पर हमला

**कोलकाता,5 जनवरी।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला हुआ है। ईडी की टीम कथित राशन वितरण घोटाले के मामले में छापामारी करने पहुंची थी। सीआईएसएफ के जवानों के साथ ईडी के अधिकारी जब टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचे तभी उन पर हमला किया गया। टीएमसी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ अधिकारियों और सीआईएसएफ के वाहनों को निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक 200 से ज्यादा लोगों ने एक



साथ अधिकारियों को घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों के गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। फिलहाल किसी के भी घायल होने की कोई खबर नहीं है। ईडी की टीम पर किए गए हमले को लेकर बीजेपी ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। बीजेपी नेता सुकंता मजूमदार ने कहा कि ये घटना दिखाती है कि रोहिंग्या राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर क्या कर सकते हैं। इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप है। ईडी कार्रवाई करेगा। उधर ईडी की टीम ने बोनगांव के पूर्व चेयरमैन शंकर आद्या के ससुर और टीएमसी नेता बिजॉय कुमार घोष के घर पर भी छापा मारा है। ईडी की टीम शंकर आद्या के भाई की आइसक्रीम फैक्ट्री पर भी दबिश दी है। इसके अलावा शंकर आद्या के कर्मचारी अंजन मालाकार के घर भी पहुंची है।

## एक नजर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 को



**जामुल, 5 जनवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकसित भारत यात्रा के संबंध में बताया कि यह आयोजन 8 जनवरी सोमवार को रावण भाठा में होगा । श्री ठाकुर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का आयोजन का उद्येश्य आम जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में प्रधानमंत्री स्व निधी योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड, पी.एम. उज्जवला योजना, आधार अपडेशन, स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य हितग्राही मुलक योजनाओं का केम्प लगाया जायेगा । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने नगर पालिका जामुल के आम जनता से अपील किया है कि रावण भाठा जामुल में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन के योजनाओं का लाभ उठायें साथ ही समस्त जनता से आग्रह किया है कि अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाईल नंबर, भूमि संबंधी दस्तावेज, पासपोर्ट साईज फोटो (01 नग), मतदाता परिचय पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, (पार्षद द्वारा प्रमाणित) अवश्य लावें । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने शिविर स्थल का जायजा लेकर उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि रावण भाठा जामुल में आने वाले आवेदकों के लिए समुचित व्यवस्था बनाये ।

### स्कूटी सवार ने महिला का बैग लूटा

**भिलाई, 5 जनवरी।** भिलाई थाना क्षेत्र सेक्टर-10 में घर लौट रही महिला को अज्ञात स्कूटी चालक सवार ठोकर मारकर उसका बैग लेकर भाग निकला। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 279,337,379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 सड़क 28 निवासी अर्चना प्रधान (40 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 दिसंबर की रात 8.45 बजे नेहरु नगर सुपेला से वापस अपने घर सेक्टर 10 अपने वाहन से आ रही थी सड़क 28 के पास पहुंची थी उसी समय अज्ञात स्कूटी चालक ने पीछे से आकर प्रार्थिया के वाहन को ठोकर मार दिया इस हादसे में प्रार्थिया गाड़ी सहित नीचे गिर गयी गिरने से उसे चोट लगी। उसी समय उक्त अज्ञात वाहन चालक प्रार्थिया के काले रंग का हैंड बैग को लेकर भाग गया। हैंड बैग में तीन एटीएम कार्ड एसबीआई, युको एवं बैंक आफ बड़ोदा का आधार, कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एक मोबाइल एवं 1500 रुपए नगद रखे थे ।

### युवती के खाते से लाखों रुपए पार

**भिलाई,5 जनवरी।** भिलाई सेक्टर-7 की रहने वाली एक युवती के 3 लाख 60 हजार रुपए किसी अन्य खाते में स्थानांतरित करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि रसियन कॉम्पलेक्स सेक्टर-7 निवासी करनम श्री हरि प्रिया (32वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने अपने युनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाता पर आनलाइन फिक्स डिपोजिट 4 मई 2022 को 40 हजार रुपए, 28 जून 2022 को 53 हजार रुपए, 29 जुलाई 2022 को 99 हजार रुपए, 31 जुलाई 2022 को 50 हजार रुपए, 6 सितंबर को 90 हजार रुपए, 7 अक्टूबर को 1 लाख रुपए, इस प्रकार कुल 6 अलग-अलग किश्तों में 4 लाख 32 हजार रुपए जमा की थी, जिसकी मैच्युरिटी से पहले ही प्रार्थिया की आनलाइन एफडी बिना उसकी जानकारी के 25 जून 2023 को 52710 रुपए, 26 जून 2023 को 39758 रुपए, 27 जून 2023 को 88735 रुपए, 29 जून 2023 को 98510 रुपए एवं 1 जुलाई 2023 को 49508 एवं 98019 रुपए कुल राशि 427240 रुपए प्री मैच्योर होकर प्रार्थिया के खाते में जमा होकर उसमें से कुल 3 लाख 60 हजार रुपए किसी अन्य खाते में स्थानांतरित हो गया है। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है ।

### महिला के गले से चेन चुरा ली

**भिलाई,5 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र कथा सुनने गई महिला के गले से कोई अज्ञात ने सोने की चेन पार कर दयि।रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि अनुपमा जायसवाल (40 वर्ष ) संगम चौक न्यू खुर्सीपार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 जनवरी को शंकरपारा खुर्सीपार में भागवत कथा सुनने गई थी शाम 7.50 बजे प्रसाद वितरण के दौरान उसके गले में पहने सोने की चेन पैंडल सहित कोई अज्ञात चोरी कर ले गया चेन की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है ।

### युवक पर जानलेवा हमला करने वालों को 10 वर्ष कैद

**भिलाई, 5 जनवरी।** भिलाई तीन साल पहले खुर्सीपार में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपितों को न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है कारावास के साथ ही सभी को एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है प्रकरण के अनुसार 31 जनवरी 2021 की शाम को बापू नगर अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खुर्सीपार में सुनील कुमार नाम के युवक पर चार आरोपित उड़िया मोहल्ला बापू नगर खुर्सीपार निवासी विशाल बाघ (19), बी. राजन (18), बाबुंदी उर्फ सहदेव विभार (18) और अभय लोनहारे (18) ने चाकू से हमला कर दिया था ।

### ग्राम ढाबा में 7 जनवरी को मंडई मेला

**राजनांदगांव।** ग्राम ढाबा (सिंगारपुर) में 7 जनवरी दिन रविवार को समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मंडई मेला कार्यक्रम होगा एवं 8 जनवरी दिन सोमवार को सुबह 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम गवईहां मोहंदी वाले का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# प्रतियोगिता में रंगोली बनाकर प्रतिभागियों ने लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 5 जनवरी ।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए महामाया मंदिर भारत माता चौक में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं थीम पर 3000 दीए प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे योजना के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से शुरू हुआ था। शुरुआत में छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिले रायगढ़ एवं बीजापुर में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में कबीरधाम जिले की बालिकाओं को भी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी की ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत् प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने बेटी के जन्म से लेकर जीवन के चक्र मे हर अवस्था महिलाओं को सशक्त करने के लिए कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बेटियां कोख में ही ना मरे वे जन्म ले, शिक्षित हो, आत्मनिर्भर हो कर बड़े पदों पर पदस्थ हो, इसके लिए हमने बेटी बचाओं बेटी पढाओ योजना के माध्यम से समाज की चेतना को जगाने का प्रयास किया। आज परिणाम ये है, कि बेटीयों की जन्म में सुधार हुआ, लिंगानुपात एवं शिक्षा स्तर में सुधार आया।

कार्यक्रम में कलाजत्था के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय राज माते विजिया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा की बेटियों ने प्रथम, स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की बेटियों ने द्वितीय, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा की बेटियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बेटियों के द्वारा कन्या भ्रूण पर रेक, बालिका शिक्षा एवं स्वावलंबर का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला महिला एवं बाल विकास विभाग सी.एल.भुआर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, श्रीमती सतविंदर पाहूजा, दिनेश चंद्रवंशी, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर, वरिष्ठ कवि श्री गणेश सोनी, श्री परेटन वर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं समस्त आईसीपीएस टीम सत्यनारायण राठौर, दत्तक ग्रहण एजेंसी सत्यमित्र शास्त्री, अधीक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग संतोष ठाकुर, शौकत अली हाजमी, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन श्री महेश निर्मलकर, सखी वन स्टॉप सेंटर कवर्धा से श्रीमती विभा बक्शी, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती कविता सिंह, श्रीमती

# सुरक्षा के मद्देनजर तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस कर रही है लगातार कार्रवाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 जनवरी।** कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देश, यातायात प्रभारी महेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आज सिग्नल चौक पर विशेष अभियान चलाकार मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर साइलेंसर द्वारा पटाखे फोड़ने एवं तेज रफ्तार से बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों पर चलानी कार्यवाही किया गया और मोर्डिफाइड साइलेंसर को निकलवाकर कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर का ही उपयोग करने समझाईश दिया गया. यातायात प्रभारी महेश्वर सिंह ने बताया की यातायात पुलिस ने इसके साथ ही नाबालिग वाहन चलको को भी समझाईश दिया गया. उन्होंने बताया की चालानी कार्यवाही नाबालिग और परिजनों को सबक देने के लिए की गई है। उन्होंने बताया की उन्हें इस बात की समझाइश दिया गया की नाबालिग को वाहन सौंपना खतरे से खाली नहीं है। नाबालिगों को वाहन सौंपना सड़क दुर्घटना को बुलावा देना है।

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चलाया जा रहा विशेष अभियान-** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने के लिए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ऐसे बुलेट चालकों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी बुलेट में अतिरिक्त साउंड के लिए साइलेंसर लगाए हैं इसके साथ ही शहर में तेज रफतार से वाहन चलाते है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर भी विशेष अभियान चलाकर लगतार कार्यवाही किया जा रहा है। इसके साथ ही गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों में रेडियम लगाया जा रहा है और यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मॉडिफाई साइलेंसर लगाना मोटर यान अधिनियम के तहत उल्लंघन है, जिसके तहत जुर्माने का प्रावधान है यातायात पुलिस ने बुलेट वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कृपया कंपनी द्वारा प्रदत्त वैध साइलेंसर से किसी प्रकार छेड़खानी ना करें, मॉडिफाई साइलेंसर लगाना मोटर यान अधिनियम के तहत उल्लंघन है, जिसके तहत जुर्माने का प्रावधान है। मॉडिफाई साइलेंसर लगे पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी साथ ही वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे क्रिकेट के समापन कार्यक्रम में

**खुज्जी।** ग्राम घुपसाल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा विधायक भोलाराम साहू थे।आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने विधायक भोलाराम साहू को बैच ,पुष्पमाला पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया।

मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल को अनुशासनऔर खेल भावना से खेल,उन्होंने आगे कहा कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अनेक टीम ने भाग लिया और अपने-अपने जौहर का प्रदर्शन किया।श्री साहू ने आगे कहा कि खेल को अनुशासन व खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हार और जीत तो लगा रहता है । खेल जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। सभी खिलाड़ियों को, उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# भक्तों का मान रखने नारायण ने कारागार में लिया जन्म:आचार्य सत्यनारायण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 5 जनवरी।** समता मे मित्तल परिवार द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की शुरूवात कृष्ण की लीलाओ के वर्णन के साथ हुयी। कृष्ण जन्मोउत्सव के कारण श्रोताओ ने आज पितांबर वस्त्र धारण किये हुये थे,कथा स्थल श्रोताओ की संख्या से खचाखच भरा हुआ था। ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य सत्यनारायण शास्त्री ने कृष्ण जन्म से पूर्व श्रोताओ को कृष्ण की लीला के संबंध मे ज्ञान कराया। दरअसल आज भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन समुद्र मंथन,वामन चरित्र,राम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्मोउत्सव का आयोजन हुआ। भागवत कथा निश्चित समय पर दोपहर 3 बजे पश्चात शुरू की गयी,ब्यासपीठ पर विराजमान आचार्य सत्यनारायण शास्त्री ने बलि वामन प्रसंग के संबंध मे श्रोताओ को बताया कि राजा बलि के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान वामन अवतार लिये और राजा बलि की परीक्षा ली जिसमे उन्होने तीन पैरों में सारा संसार नापकर अपने असली रूप के दर्शन दिये। आचार्य सत्यनारायण शास्त्री ने श्रोताओ को बताते हुये कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है,आज का इंसान भगवान राम का एक चरित्र भी अपने जीवन में उतार ले तो उसकी जिदगी सफ्ल हो सकती है। भगवान राम के जीवन में अनेक दुख आने पर भी उन्होंने न तो कभी धैर्य छोड़ा और न ही कभी मर्यादा का उल्लंघन किया। उसके पश्चात आचार्य ने कृष्ण की लीलाओ को लेकर भजनो की प्रस्तुति दी। वे बताते है कि जब कंस के अत्याचारो से चारो तरफ त्राहि-त्राहि मची हुयी थी,उस दौरान भगवान विष्णु ने माता देवकी की कोख से जन्म लेकर कंस के अत्याचार से इस लोक को मुक्ति दिलायी। उन्होने बताया कि कंस को अपना वध करने वाले बालक का ज्ञान एक आकाशवाणी के जरिये पूर्व मे ही प्राप्त हो गया था।।

भक्तो के लिए भगवान कारागार मे भी होते प्रकट-:आचार्य सत्यनारायण शास्त्री कृष्ण की लीलाओ का वर्णन मे कहते है कि पृथ्वी को दुष्टो से मुक्त कराने के लिए नारायण स्वयं कारागार मे जन्म लेकर भक्तो का मान रखे। उन्होने बताया कि कृष्ण के जन्म के समय कारागार मे उपस्थित पहरीयो को भी गहरी नींद आ गयी थी,जिसके कारण वासुदेव को नंद बाबा के यहा पहुंचने मे किसी प्रकार कठिनायी उत्पन्न नही हुयी,दिन गुरूवार को कृष्ण जन्म उत्सव के दौरान पूरे कथास्थल मे बधाईयो का दौर जारी था,यहा उपस्थित सभी श्रद्धालुओ द्वारा कृष्ण जन्म उत्सव की एक दूसरे को बधाई दी जा रही थी।।

# सर्वांगीण विकास की कल्पना को साकार कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा:योगेश्वर सिन्हा



**महासमुन्द, 5 जनवरी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा में महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ ग्राम भलेसर,लाफीन खुर्द,और कनेकेरा पहुँचे ।विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उपस्थित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने गांव, गरीब,मजदूर ,किसान सहित पात्र जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओ का लाभ दूर सुदूर अंचलों में रहने वालों तक पहुंचे इस उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओ को लेकर यह शिविर आयोजित किया है 7 इस शिविर में ग्रामवासियों की मूलभूत सूविधाओ से सम्बंधित योजनाओ से जुड़ी सरकार के कार्यक्रमो की सभी जानकारी सम्बंधित अधिकारियों के माध्यम से दी जा रही है 7 विधायक योगेश्वर ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से आपकी सरकार आपके द्वार तक पहुंची है । ग्रामीणों के प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड,कृषि,ग्रामविकास के कार्यो, पेंशन और अन्य सूविधाओ और को उपलब्ध कराने और समस्याओं के निराकरण के लिए सक्षम अधिकारी स्वयं यहाँ मौजूद है । आप सभी यहा से अपने मूलभूत सूविधाओ और सरकार की योजनाओ की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है । विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनो को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी प्रदेश में और केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है जनहित के कार्यो और ग्रामीण विकास के लिए भाजपा की सरकार संकल्पित और समर्पित रहेगी । पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर ने भी विकसित भारत संकल्प शिविर में ग्रामीणों को भाजपा की सरकार की योजनाओ की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह संकल्प यात्रा सबका साथ सबका विकास के लिए समर्पित है 7 माननीय मोदी जी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास की गारंटी दी है और आप सभी के सहयोग और समर्थन से भाजपा की सरकार बनी है ,और प्रदेश में सरकार बनते ही मोदी जी की दी गयी गारंटी पर कार्य प्रारम्भ हो गया है 7 इस अवसर पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान ने भी ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरगामी सोच के साथ अंत्योदय की कल्पना को लेकर यह विकसित भारत संकल्प यात्रा आप तक पहुंची है और निश्चित रूप से इस शिविर के माध्यम से आप सभी की समस्याओं का निराकरण यहाँ पर होगा ,सरकार की योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तभी योजना की सफल है यह हम कह सकते है ।भाजपा की नवगठित भाजपा की सरकार में युवा,महिला,किसान,मजदूर सहित सभी वर्गों के विकास से जुड़ी योजनाएं है और मोदी जी की गारंटी वाली कथनी और करनी में कोई अंतर नही है 7 भाजपा नेता मुन्ना साहू,नीलम दीवान ने भी शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओ का उल्लेख करते हुए ऐसे शिविर को जनहित के लिए आवश्यक और सराहनीय पहल बताया 7 विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारीयो और सरकार के कार्यो की उपलब्धियो पर आधारित चित्र प्रदर्शनी और कार्यक्रम स्थल पर आयोजित अन्य कार्यक्रमो की जानकारी और अवलोकन उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने करते अधिकारियों को नागरिको के समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया ।

### ना जाने कब होगी सिटी बस की शुरुआत , जनमानस में चर्चा

**कवर्धा, 5 जनवरी।** कबीरधाम जिले में कवर्धा में कालेज में बोडला , लेंजाखार और पौड़ी के आसपास गांवो से बच्चो को पोड़ी बस स्टॉप में आना पड़ता है बस में बैठकर कालेज जाने के लिए लेकिन पंडरिया से आती हुई बस में सीट नही मिलती है और स्टूडेंट खड़े होकर कवर्धा पहुंचते है । कई बार स्टूडेंट कहते है आखिर सीटी बस क्यो नही चल रही है । नया साल भी आ फिर भी सीटी बस का इंतजार है । सैकडो बच्चे बोडला और पोड़ी के आसपास गांवो से नियमित कालेज आते है प्रतिदिन । जिला प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए जिससे सीटी बस की सौगात मिलेगी और स्टूडेंट के फेस पर मुस्कराहट आयेगी ।

### मंडल सशक्तिकरण अभियान चलाया गया



**कवर्धा, 5 जनवरी।** युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय कवर्धा में मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न हुआ?जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव हेतु सभी मंडल में युवा मोर्चा की संरचना पूर्ण करना एवं उन्हें सक्रकीय करना,प्रत्येक मंडल में प्रवास का भी आयोजन किया जाना है जिसमे संयोजक सह संयोजक नियुक्त किया जाना है हर नए वोटर तक पहुंचकर चुनाव में लोकसभा की सभी सीटों पूर्ण बहुमत से विजय प्राप्त कर सके ।कार्यशाला मे मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री पियूष ठाकुर,नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडे ,प्रभारी यश गुप्ता ,जिला महामंत्री सचिन गुप्ता,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विशाल शर्मा , खिलेश्वर साहू ,ईश्वरी धुर्वे,अशोक चंद्रवंशी ,हुमलाल पटेल,जिला उपाध्यक्ष तुकेश चंद्रवंशी,राजकुमार मरावी,सौरभ सिंह,अजय ठाकुर,जिला मंत्री नीतीश चंद्रवंशी,हेमचंद चंद्रवंशी,रामचरण साहू,एवं समस्त प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,समस्त मंडल अध्यक्ष महामंत्री गण और सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

### नव पदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने पदभार ग्रहण किया



**भिलाई, 5 जनवरी।** नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरूवार की संध्या पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी इससे पूर्व जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। दुर्ग जिले के निवर्तमान कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा (आईएएस) ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कार्यालय में पदस्थ सभी अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीजीपीएससी घोटाले की सीबीआई जांच स्वागत योग्यः पाण्डेय



**भिलाई, 5 जनवरी।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सीजीपीएससी घोटाले पर कैबिनेट बैठक में सीबीआई जांच का निर्णय लेना स्वागतयोग्य कदम है। सरकार की यह सराहनीय पहल प्रदेश के हजारों सीजीपीएससी के अभ्यर्थियों के संघर्ष की जीत है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने कहा कि सरकार के इस फैसले से उक्त घोटाले की निष्पक्ष रूप से जांच हो पाएगी और अभ्यर्थियों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अभ्यर्थियों के हित के लिए संघर्ष किया था जिसका सुखद परिणाम देखने को मिला। श्री पाण्डेय ने कहा कि सीजीपीएससी घोटाले के विरोध में भाजयुमो द्वारा पूरे प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन चलाया गया था।

### सह प्राध्यापक विनीता को मिली पीएचडी की उपाधि



**भिलाई, 5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में 30 दिसंबर को सुश्री विनीता राय को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी। डॉ विनीता राय श्रीमती कमलावती एवं भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त एस.पी. राय की पुत्री हैं। यह उपाधि उन्होंने मैनेजमेंट विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ. मोनिका श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। डॉ विनीता राय ने अपने पीएचडी का शोध अध्ययन इम्पैक्ट ऑफ़ माइक्रो फाइनेंस ऑन वीमेन एम्पावरमेंट - ए स्टडी ऑन रूरल वोमेन बेनेफिशरी विथ रिफरेन्स टू सिलेक्टेड डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ छत्तीसगढ़ विषय में पूर्ण किया है। डॉ. राय को उनकी इस उपलब्धि के लिए श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष श्रीमती डॉ. जया अभिषेक मिश्रा वाईस चेयरमैन रुद्रांश मिश्रा, संस्था के डायरेक्टर पी बी देशमुख ने प्रसन्नता व्यक्त करते डॉ राय के उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉ राय ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मार्गदर्शकों सहित माता-पिता परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया है।

### जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 जनवरी से

**राजनंदगांव 5 जनवरी।** जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 व 7 जनवरी को ईदगाह मैदान मठपारा पावर हाउस रोड में आयोजित है। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाना और समाज के विकास की दिशा में अग्रसर करना है।उक्त जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में समाज के प्रमुख रईस अहमद शकील ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए दीनी तालीम, बिजनेस, शिक्षा, सेहत और खेलकूद सब को लेकर के यह आयोजन किया जा रहा है।सम्मेलन में इन विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी एक ही जगह स्टॉल के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाएगी।बेरोजगार युवक युवतीवो को ÷रोजगार से संबंधित जानकारी, योजनाओं की जानकारी, वैकेंसी लघु उद्योगों÷ से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।,नया व्यापार चालू करने के संबंध में जानकारी, खेल, जिम, कराते, अखाड़ा, नशा मुक्ति अभियान, दीनी व दुनियावी तालीम, किताबों की अध्ययन की जानकारी दी जाएगी। हेल्थ÷ चेकअप कैंप आयोजन किया जाएगा एवं निकाह हेतु मुस्लिम समाज के युवक की युवतियों का परिचय सम्मेलन बायोडाटा संकलन आदि का कार्य किया जाएगा। शिक्षा सम्मेलन के मुख्य उद्देश्यों में सबसे अव्वल यह है कि इस क्षेत्र में सम्मेलन के जरिए एजुकेशन मेला , बच्चों को अपने-अपने हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान करना और बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को बढ़ावा देना है। वहीं ऐसे बच्चों को चिन्हित करना जो विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद हो, जिसे करियर काउंसलिंग के जरिए अपने करियर बनाने हेतु जानकारी दी जाएगी।

इनके अलावा मुसलमानों का विज्ञान और आविष्कारों में योगदान पर चर्चा होगी व अपने इतिहास की प्रदर्शनी लगवाई जाएगी। ताकि वह भी ऐसे प्रेरणा हासिल कर समाज के हित में काम करें।समाज सुधार÷ की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर नशा मुक्ति की समझाइए दी जाएगी। नगर निगम के माहिर अग्निशमन दल के जरिए आग पर काबू पाने का भी प्रदर्शन आपदा राहत एवं बचाव की जानकारी दी जाएगी ।

पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से हाजी रईस अहमद शकील के साथ आदिल रिजवी, सैय्यद अली अहमद, हाजी तनवीर अहमद, सैय्यद अफ़ज़ल अली, रशिद भाई बेरिंग, जलालुद्दीन निर्वाण,आसिम अहमद, आफताब अहमद आदि शामिल थे।

एक नजर

## सुपेला मड़ई मेला का आयोजन 9 जनवरी को

**भखारा 5 जनवरी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सुपेला में मड़ई मेला का आयोजन 9 जनवरी,दिन - मंगलवार को आयोजित किया रहा है जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए राधाकृष्णा नाचा पार्टी ग्राम - दुर्रे बंजारी( महाराष्ट्र ) का कार्यक्रम का अयोजन रखा है उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू ने दी।

## जिले के नवपदस्थ कलेक्टर ने किया कार्यभार ग्रहण

**राजनांदगांव 5 जनवरी।** जिले के नवपदस्थ



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज सुबह कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व कलेक्टर श्री डोंमन सिंह ने नवनियुक्त कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल वर्ष 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरिश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव श्री अश्वन पुसाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेडियम में हुए बास्केट बाल के मैच

**राजनांदगांव 5 जनवरी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छततीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन साई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में खेले गये बालक वर्ग 14 वर्ष बॉस्केटबाल के पहले मैंच में पंजाब ने सीआईएससीई को, दूसरे मैंच में आंध्रप्रदेश ने चंड़ीगढ़ को और राजस्थान ने विद्याभारती को पराजित किया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग राजनांदगांव की मेजबानी में आयोजित इस स्पर्धा के बॉस्केटबाल 17 वर्ष बालिका वर्ग के पहले मैंच में केरला ने पंजाब को, महाराष्ट्र ने चंड़ीगढ़ को, हरियाणा ने राजस्थान को, आईपीएससी ने बिहार को, गुजरात ने मणिपुर को, आईबीएसओ ने मध्यप्रदेश को एवं उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को पराजित कर लीग राऊण्ड में 2-2 अंक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन साई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 बजे से लगातार बॉस्केटबाल मैंच खेले जायेंगे।

## ऐस्कोनैट् टेक्नोलॉजीस ने एनएसई इमर्ज में डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर 5 जनवरी।** भारत में ही विकसित इंटिग्रेटिड आईटी सॉल्यूशंस कंपनी ऐस्कोनैट् टेक्नोलॉजीस लिमिटेड (कंपनी) ने एनएसई इमर्ज के पास ड्राफ्ट रैड् हैरिंग प्रोस्पैक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव में 33,60,000 इक्विटी शेयर जारी किए जा रहे हैं, प्रत्येक की फेस वैल्यू रु. 10 रहेगी। कॉर्पोरेट कैपिटल वेंचर्स को इस आईपीओ का बुक रनिंग लीड मैनेजर तथा स्काईलाईन फाईनेंशियल सर्विसिस को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली मुख्यालय वाली यह कंपनी हाई-परफॉरमेंस सुपरकंप्यूटर, डाटा सर्वर और वर्कस्टेशन बनाती है और साथ ही एसएमई, बड़े संगठनों व सार्वजनिक क्षेत्र के ग्राहकों को आईटी सॉल्यूशंस की विस्तृत रेंज पेश करती है जैसे डाटा स्टोरेज व नैटवर्क, सुरक्षा, वर्चुअलाइज़ेशन व डाटा प्रोटेक्शन। भारतीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए ऐस्कोनैट् ने अपना ब्रांड हेक्साडाटा प्रस्तुत किया है जो हाई-ऐंड सर्वर, वर्कस्टेशन एवं स्टोरेज सिस्टम में विशेषज्ञता रखता है और इन्हें भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाया जाता है। इसके अलावा ऐस्कोनैट् का रणनीतिक गठबंधन एनवीडिया से है जिससे कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि की है, इससे उनके सर्वर एवं वर्कस्टेशन बेहतर हुए हैं। डीआरएचपी के अनुसार ऐस्कोनैट् का प्रस्ताव है कि आईपीओ से प्राप्त 16 करोड़ रुपए का उपयोग वह अपनी दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में करेगी और इसके अलावा रु. 2.50 करोड़ का निवेश वह अपनी सहयोगी कंपनी ज़ीक्लाउड सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड में करेगी। ज़ीक्लाउड में निवेश से अतिरिक्त हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि क्षमता बढ़े, सुरक्षा उपाय बेहतर हों तथा समग्र निगरानी क्षमताओं में अभिवृद्धि की जा सके।

## वेदांता एल्यूमिनियम ने गुजरात अल्कालीज़ एंड कैमिकल्स लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए



**रायपुर 5 जनवरी।** वेदांता लिमिटेड ने गुजरात अल्कालीज़ एंड कैमिकल्स लिमिटेड के साथ मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत कॉस्टिक-क्लोराइन और अन्य संबंधित कारोबारी क्षेत्रों में व्यापारिक अवसरों की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इस एमओयू का लक्ष्य है वेदांता एल्यूमिनियम एवं जीएसीएल, दोनों के व्यापारों के मूल्य संवर्धन की क्षमताओं की पहचान करना और इसके लिए उनके कॉम्पलीमेंट्री कौशल, ताकत व समान व्यापारिक हितों के आधार पर सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपना कर तालमेल हासिल किया जाएगा। इसी अनुसार दोनों कंपनियां और अधिक विस्तार से समन्वय करते हुए अवसरों का जायज़ा लेंगी ताकि संसाधनों को एकत्रित किया जाए जो कि दोनों पक्षों के लिए परस्पर लाभकारी बने। यह कदम वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा किए जा रहे 'वर्टिकल इंटिग्रेशन' के प्रयासों में भी सहायक होगा। इस एमओयू के साथ दोनों कंपनियां सैद्धांतिक रूप से इस बात पर सहमत हो गई हैं कि वे मिलकर कारोबारी मौके खंगालेंगी फिर चाहे वह संयुक्त

# छुरिया-डोंगरगांव रोड किनारे कब्जे हटाने चला बुलडोजर

■ अतिक्रमणकारियो को नोटिस देने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने से हुईं कार्यवाही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 5 जनवरी।** छुरिया से डोंगरगांव रोड के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से कब्जा हटाने नगरी प्रशासन के द्वारा बुलडोजर चलाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार छुरिया से डोंगरगांव रोड में यातायात सुगमता हो इसके मद्दे नजर नगरी प्रशासन ने एक सप्ताह पूर्व दुकानदारों को दुकान के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर टीन टप्पर व चबूतरा को हटाने का नोटिस दिया गया था चूंकि नोटिस का पालन दुकानदारों ने नहीं किया जिसके चलते शासन प्रशासन ने संयुक्त रूप से गुरुवार को अतिक्रमण किए दुकानों से कब्जा हटाया।संयुक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग पुलिस विभाग और नगरी प्रशासन उपस्थित थे ।ज्ञात हो कि छुरिया से डोंगरगांव रोड के दोनों किनारो में अतिक्रमण के चलते लंबी जाम लग जाता था जिससे यातायात बाधित होता था जिसके चलते अतिक्रमण हटाओ मुहिम शासन प्रशासन द्वारा चलाया गया इस अभियान में नगर पंचायत सीएमओ सचिन गुप्ता, तहसीलदार विजय कोठारी, पटवारी कोमा ,थाना प्रभारी शिव चंद्र तथा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर में



चर्चा है कि रसूखदार दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है जिससे छोटे दुकानदारों में आक्रोश देखा गया। रेस्ट हाउस के सामने ठेलो को नहीं हटाया जो चर्चा का विषय बना रहा वहीं राजगामी के मकान जो सड़क से सटा हुआ है जिसमें यातायात बाधित होता है जिसे भी हटाने की कोई कार्रवाई नहीं किया गया। बहरहाल शासन प्रशासन की कार्यवाही वाकई यातायात की दृष्टिकोण से बहुत बढ़िया है लेकिन सभी के साथ एक जैसा सलूक किया जाता तो प्रशासन की और तारीफ होती।छुरिया में मछली मार्केट ,सब्जी मार्केट, मोटर साइकिल स्टैंड की भी अतिआवश्यक है गरीब दुकानदारो के दूकानो पर जिस तरह त्वरीत कार्रवाई हुई बुलडोजर चला उस तरीके से रसूकदार दारो के दूकानो पर कार्रवाई नही सिर्फ नोटिस जारी हुई व्यवस्थापन भी जरूरी है। इस पर भी नगरी प्रशासन ध्यान दे।

# निगम सीमा क्षेत्र में 13 से 16 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ सफल आयोजन के लिये आयुक्त ने सौपा दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जनवरी।** भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशीप स्कीम के प्रचार प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन द्वारा प्रारंभ की गयी है, उक्त यात्रा का आगमन राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में दिनांक 13 जनवरी को हो रहा है,जिसके माध्यम से 13 से 16 जनवरी तक वार्डो में भारत शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपरोक्त दिनांक को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। यात्रा के सफल आयोजन एवं नागरिकों को योजना का लाभ देने के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, उक्त यात्रा के माध्यम से निगम सीमाक्षेत्र में 13 से 16 जनवरी तक वार्डो में कैम्प आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र में 7 स्थानों पर कैम्प आयोजित किया जा रहा है, जिनमें 13 जनवरी को गौरी नगर स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व शंकरपुर स्कूल मैदान में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कैम्प आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 14 जनवरी को नया ढाबा स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व स्टेट स्कूल मैदान में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, 15 जनवरी को कमला कालेज मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व हल्दी हाई स्कूल मैदान में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक तथा 16 जनवरी को लखोली स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कैम्प आयोजित किये जायेगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कैम्प में भारत सरकार की महात्वकाक्षी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन मोर मकान, प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान मोर आस, अमृत मिशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर नागरिकों को लाभ दिया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये वार्डो मे आयोजित कैम्प के सफल संचालन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली को बनाया गया है तथा कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके सहयोगी का दायित्व अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा गया है, जो 13 से 16 जनवरी तक आयोजित कैम्प में अपनी सेवाएं देकर यात्रा का सफल आयोजन करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित कैम्प में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेवे।

# क्रूड ऑयल सस्ता फिर भी पेट्रोल-डीजल के दाम में मोदी सरकार कमी नहीं कर रही:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जनवरी।** क्रूड ऑयल की कीमतों में 31 फीसद की गिरावट के बावजूद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं की गई है। इस विषय को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध?यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी कर कहा कि ङ्क मीडिया रिपोर्टस बता रहीं हैं कि क्रूड ऑयल के दाम विश्व स्तर पर काफी गिरे हैं। इस एवज में पेट्रोल ङ्क डीजल के दाम कम कर देश के लोगों को महंगाई से राहत दी जानी चाहिए लेकिन मोदी सरकार हठधर्मिता दिखा रही है। जिला अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि महंगाई की मार से मध्यवर्गीय, निम्न मध?यम वर्गीय और गरीब परिवार आहत हो रहे हैं। खाद्यान्न और दूसरी आवश्यक वस्तुओं के बढ़े हुए दाम उनकी जीवनशैली को प्रभावित कर रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की दैनिक आवश्यकता के लिए भी उन्हें महंगे दामों से जूझना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस जरुरी मुद्दों पर कोई राहत नहीं दी है।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि - अब भी केंद्रीय मंत्री यही कह रहे हैं कि मौजूदा समय में भी क्रूड ऑयल की कीमते घटने के बाद भी



पेट्रोल डीजल के दाम कम नहीं किए जाएंगे। उनका यह बयान स्पष्ट रुप से जनविरोधी मानसिकता और हठधर्मिता दर्शाता है। मोदी सरकार जनता का खून चूस रही है। मेहनत की गाढ़ी कमाई पर महंगाई की मार हावी है। लोगों को अपनी जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा है।

महंगाई के मुद्दे पर कुलबीर ने कहा कि - दाल, आटा, खाने का तेल सब कुछ महंगा हो चुका है। दूसरी आवश्यक उत्पाद भी महंगाई के मामले में लाल निशान पर हैं। मोदी सरकार महंगाई के मोर्चे पर फेल है। उन्होंने देश के लोगों की जीवनशैली को मजबूत बनाने के लिए कुछ नहीं किया।

# नियम विपरीत सालों से जिले के कई थाने में पदस्थ हैं पुलिस कर्मी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 5 जनवरी।** पुलिस नियमावली के तहत किसी भी थाने में कोई भी सिपाही व अधिकारी तीन वर्षो से अधिक नहीं रह सकते, लेकिन जिले के कई थानों में कुछ पुलिसकर्मी लंबे समय से अंगद की तरह पैर जमाये हुए हैं, तबादले के नियम की पुलिस विभाग में धज्जियां उड़ रही हैं। पुराने कर्मचारियों के कारण स्टाफ में मतभेद की स्थित बनी रहती है, थानों में आरक्षक से लेकर प्रधानआरक्षक तक कई साल से जमे होने के कारण पुलिसिंग भी प्रभावित हो रही है। थानों में कई रसूखदार पुलिसकर्मी अपनी मनचाही जगह में सालों से पदस्थ हैं, कई बार कर्मचारियों के तबादले भी होते हैं, लेकिन उनमें वही शामिल होते हैं जिन्हें एक साल भी नहीं हो पाता है। आला अधिकारी भी उन कर्मचारियों पर मेहरबान हैं, जो कई सालों से एक ही थाने में पदस्थ हैं या ऐसे पुलिसकर्मी जिनकी राजनीतिक पकड़ मजबूत होने के कारण अपने मनचाहे थाने पर सालों से जमे हुए हैं। जबकि पुलिस मुख्यालय का आदेश हैं कि कोई भी पुलिसकर्मी किसी एक थाने में तीन वर्षो से अधिक नहीं रह सकता परंतु जिले के डोंगरगांव थाना में एक पुलिसकर्मी ऐसे हैं जिन्हें आठ वर्षो से अधिक समय एक ही थाने में हो गया है। सूत्रों की मानें तो मलाईदार थानों में अंगद की तरह पैर जमाये हुए पुलिस आरक्षक को रेवड़ी बटोरने के लिए अधिकारियों ने उनकी मन पसंद जगह दे रखा है। डोंगरगांव थाने में एक ऐसा आरक्षक है जो करीब आठ वर्षो से जमे हुए है। जमे हुए आरक्षक विधायक के करीबी बताए जाते है जिनका डोंगरगांव से ट्रांसफर होना मुश्किल है। अधिकारी खाना पूर्ति के लिए 2-3 माह के किए आरक्षक को कही अन्यत्र भेज देते है ताकि रिकॉर्ड मेंटेन हो सके। अब देखना होगा कि क्या पुलिस अधीक्षक बड़ी सर्जरी कर वर्षो से एक ही थाने पर जमे पुलिसकर्मियों का फेरबदल कर अंगद के पैर वाली प्रथा को खत्म करेंगे या पुलिसकर्मी राजनैतिक पहुंच का फायदा उठाकर अपने मनचाहे थानों पर ही बने रहेंगे?

# जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 जनवरी से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनंदगांव 5 जनवरी।** जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन 6 व 7 जनवरी को ईदगाह मैदान मठपारा पावर हाउस रोड में आयोजित है। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाना और समाज के विकास की दिशा में अग्रसर करना है। उक्त जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में समाज के प्रमुख रईस अहमद शकील ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए दीनी तालीम, बिजनेस, शिक्षा, सेहत और खेलकूद सब को लेकर के यह आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में इन विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी एक ही जगह स्टॉल के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाएगी।




बेरोजगार युवक युवतीवो को रोजगार से संबंधित जानकारी, योजनाओं की जानकारी, वैकेंसी , ÷लघु उद्योगों÷ से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।, नया व्यापार चालू करने के संबंध में जानकारी, खेल, जिम, कराते, अखाड़ा, नशा मुक्ति अभियान, दीनी व दुनियावी तालीम, किताबों की अध्ययन की जानकारी दी जाएगी। हेल्थ चेकअप कैंप आयोजन किया जाएगा एवं निकाह हेतु मुस्लिम समाज के युवक की युवतियों का परिचय सम्मेलन बायोडाटा संकलन आदि का कार्य किया जाएगा।

समाचार संक्षेप

## डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया कुलबीर सिंह छाबड़ा ने

**राजनांदगांव 5 दिसंबर।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम धामनसरा में न्यु हैप्पी क्लब डांस महासंग्राम प्रतियोगिता शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष विशेष अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव मनीष साहू पार्षद राजनांदगांव कुंदन चंद्राकर पूर्व उपसरपंच मुड़पार लोकेश गंगवीर सरपंच चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच कृष्णा पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बिसे पटेल नारायण वैष्णव भोज चंदाकर इंदु पटेल के अतिथि में मां सरस्वती पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों शुभकामनाएं दी तथा नुतन वर्ष सभी मंगलमय कामना किया धामनसरा कला के क्षेत्र में रामायण रामधुनी नाचा कलाकार लोक कलाकार से समाहित ग्राम है इस मंच के माध्यम से कला प्रदर्शन कर कला में निखार तथा आगे जाने के अवसर प्राप्त होता है सामुहिक वर्ग मयुरी डांस गुप्र सारंगढ प्रथम स्वारागनी डांस गुप्र रतनपुर द्वितीय जय मां दंतेश्वरी डांस गुप्र बस्तर तृतीय मोर पिरित डांस गुप्र कोरचाटोला चतुर्थ मन के मीत डांस गुप्र कसडोल पंचम युगल वर्ग धरोहर युगल डांस गुप्र मारीं मोहला प्रथम यानि एवं शालु युगल डांस गुप्र नीचेकोहडा द्वितीय राजू छोटी भाई बहन युगल डांस गुप्र केशवटोला तृतीय चुरकी मुरकी युगल डांस गुप्र पिथौरा चतुर्थ एकल वर्ग टीना सोनी शिव तांडव रायपुर प्रथम नम्रता गोटी दमकसा द्वितीय दामिनी साहू बलौदा बाजार तृतीय तनु साहू खैरागढ़ चतुर्थ वेशभूषा जीतू निषाद पडकीभाट अनुशासन राधा कृष्ण डांस गुप्र बिरेझर गीत संगीत करीना एवं खिलावन खैरागढ़ बेस्ट डांस आरु काजल राजनांदगांव निर्णायक चुरामन पटेल शैलेन्द्र पवार उद्घोषक अमित यादव न्यु हैप्पी क्लब अध्यक्ष अजय पटेल उपाध्यक्ष टिकेश्वर पटेल सचिव लोकेश कुमार उपसचिव राहुल रजक कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पवार संचालक ज्ञानिक पवार सदस्य भूपेंद्र हरिश तीरथ चिनेश जावेद सहित ग्रामवासियों उपस्थित रहा।

## महाकोसल इतिहास शोध पत्रिका का विमोचन



**रायपुर 5 जनवरी।** पंडित लोचन प्रसाद पांडे जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ गौरव प्रचारक मण्डली इतिहास परिषद के स्थापना का 104 वां वर्ष के अवसर पर पण्डित लोचन प्रसाद पांडे द्वारा प्रकाशित देश की एक प्राचीन महाकोसल इतिहास शोध पत्रिका खंड-2 (1937) का प्रकाशित अंक का यथावत पुनर्प्रकाशित अंक का विमोचन माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन द्वारा विमोचन किया गया छत्तीसगढ़ के गौरव की चर्चा हुई संस्था के सचिव आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र ने कोसे के साल व श्रीफल से उनका सम्मान किया आशीर्वादात्मक शुभकामनाएं दी। मिश्र जी एवं उपस्थित जनों का विचार है कि पुरातत्व,इतिहास, संस्कृति साहित्य अभिलेख के क्षेत्र में पण्डित लोचन प्रसाद पाण्डेय के योगदान को देखते हुए एक शोध पीठ की स्थापना उनके नाम पर की जानी चाहिए क्योंकि विगत 125 वर्षो के अंतर्गत उनके योगदान से पुरा छत्तीसगढ़ का देश विदेश में पहचाना गया संप्रति संस्था के सचिव मिश्र जी के द्वारा उनके कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है वस्तुतः इस संस्था के योगदान के कारण अन्वेषण करने के द्वारा छत्तीसगढ़ की छवि देश-विदेश में स्थापित हुई। इस अवसर पर संस्था के सह-सचिव शुभम दिव्य एवं मनोज नायक ने पण्डित लोचन प्रसाद पाण्डेय के छायाचित्र मंत्री जी को भेंट की कार्यक्रम के अवसर पर प्रदीप मिश्रा, डॉ.प्रभा शर्मा,श्रीमती छाया झा,त्र्यंबक शर्मा,आनंद मोहन ठाकुर सुप्रिया अग्रवाल, शिखा सराफ,डॉ. सांत्वना ठाकुर,मनीष झा,महेंद्र मानिकपुरी, देवव्रत यादव आदि उपस्थित थे।

■ सर्वश्रेष्ठ और बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें खिलाड़ी, 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

# खेल में जीत और हार का महत्व नहीं, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत बड़ी बात:रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जनवरी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 का विधिवत उद्घाटन महंत राजा बलराम दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) राजनांदगांव के मैदान में किया। इस अवसर पर उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया और ध्वजारोहण कर आसमान में गुब्बारे छोड़े। इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शपथ दिलाई गई।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह गौरवशाली क्षण है। उन्होंने 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बॉस्केटबॉल में देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र-छात्राओं युवा खिलाड़ी का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यहां आए खिलाड़ी खेल में प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं। ये खिलाड़ी आने वाले समय में देश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यहीं से खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय



स्तर में भारत का प्रतिनिधित्व करने की ताकत और क्षमता रखते हैं। उन्होंने खिलाडि़यों को नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल की नई ऊर्जा और उत्साह के साथ यह शानदार आयोजन राजनांदगांव के संस्कारधानी नगरी में आयोजित है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से आए खिलाड़ी यहां लगातार 4 दिन रहकर न केवल छत्तीसगढ़ को जानेंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पहचानेंगे, राजनांदगांव के संस्कार से परिचित होंगे, राजनांदगांव के लोगों के साथ मिलेंगे और बहुत सारी यादें लेकर राजनांदगांव से जाएंगे। उन्होंने कहा कि खेल में जीत और हार का महत्व नहीं है, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि साई हास्टल के माध्यम से राजनांदगांव में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। छत्तीसगढ़ बास्केट बॉल टीम खासकर बालिका टीम देश में लगातार प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीतते रही है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी खिलाडि़यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ और बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और आने वाले समय में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश सिंह ने प्रतिवेदन वाचन में बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 4 से 7 जनवरी 2024 तक संस्कारधानी राजनांदगांव में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 30 टीमों के 684 प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगें। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों के आवास एवं परिवहन सहित अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव की मेजबानी में प्रदेश की खेल नगरी राजनांदगांव में 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी हिस्सा लिया है। स्पर्धा के तहत दोनों ही वर्गो के मैच दिग्विजय स्टेडियम व युगांतर पब्लिक स्कूल में खेले जायेगें। प्रतियोगिता में आन्ध्रप्रदेश, सीबीएसई, चण्डीगढ़, छत्तीसगढ़, सीआईएससीई, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, जम्मू एण्ड कश्मीर, कर्नाटक, केन्द्रीय विद्यालय, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नवोदय विद्यालय, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर और ओड़िसा की टीम ने भाग लिया है। सहायक क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी ने उद्घाटन समारोह में आए अतिथियों और खिलाडि़यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सचिन बघेल, श्री सुरेश एच लाल, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री किशन यदु, श्री राजेश श्यामकर, श्री रमेश पटेल, वनमंडलाधिकारी श्रीमती सलमा फारूखी, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने सही फैसला किया है

गुस्से,नफरत में किसी को सबक सिखाने के लिए जो लोग पागल हो जाते हैं, उनको यही लगता है कि वही सही है, बाकी सब गलत है, जो भी उनकी बात को सही बताता है, वह उसे सही मानते हैं तथा जो भी उनकी बात को गलत बताता है,वह उसे सही नहीं मानते हैं। विपक्ष के कई नेता मोदी विरोध के लिए इतने पागल हो गए हैं कि वह जहां से मोदी विरोध के लिए कोई मुद्दा मिलता है, उसे सही मान लेते है और चाहते हैं कि देश के लोग भी उस सही माने,सुप्रीम कोर्ट भी उस सही माने। देश के लोग व सुप्रीम कोर्ट में अभी सही व गलत का विवक बचा हुआ है, इसलिए वह आज भी सही को सही व गलत को गलत कह पा रहे है। कुछ लोग अपनी राजनीति के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का दुरुपयोग करना चाहते हैं शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट अपना दुरुपयोग नहीं होने दे रही है। कुछ लोग तो चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र संस्था की जगह विपक्ष की तरह काम करे। विपक्ष जिस तरह मोदी सरकार के हर फैसले को गलत मानता है, वह मामला सुप्रीम कोर्ट के पास आए तो सुप्रीम कोर्ट भी विपक्ष के नेताओं की तरह मोदी सरकार के फैसलों को गलत बताए। यही नहीं मोदी विरोधी तो चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट को वही करना चाहिए जो मोदी विरोधी चाहते हैं। वह सुप्रीम कोर्ट से मांग करते हैं कि किसी मामले की जांच एसआईटी से कराना चाहिए तो सुप्रीम कोर्ट को वैसा ही करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र संस्था है, वह अपने विवेक से काम करती है, इसलिए उसकी साख देश में बची हुई है। अडानी मामले की जांच सेवी कर रही है। कुछ लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायकर कर मांग की थी कि सुप्रीम कोर्ट को सेवी की जगह अडानी समूह के मामले की जांच एसआईटी से करानी चाहिए। यह भी इसलिए की उन लोगों को सेवी की जांच पर भरोसा नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे लोगों को दो टूक कह दिया है कि सेवी की जांच सही है, उसमें कोर्ट को दखल देने की जरूरत नहीं है। ऐसे वक्त में जब सेवी 24 मामलों में से 22 मामलों की जांच पूरी कर चुकी है तथा दो मामलों की जांच बाकी है तो उससे जांच न कराने का फैसला गलत होता। इसलिए कोर्ट ने सेवी की जांच को सही बताते हुए दो मामलो की जांच पूरी करने के लिए तीन माह का समय दिया है। यही नहीं कोर्ट ने हिंडनवर्ग के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी या अन्य किसी एजेंसी से जांच कराने से मना कर दिया। उल्लेखनीय है कि अमरीकी फर्म हिंडनबर्ग जनवरी 22 में अदानी के कंपनी के शेयर ओवरवैल्यूड व कीमत में हेरफेर के आरोप लगाया था। इस रिपोर्ट के आधार पर समूह के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई थी। इन याचिकाओं पर सेवी ने कहा था कि वह जांच कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर 24 नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। वह फैसला बुधवार को सुनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनवग रिपार्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि इसका कोई मजबूत आधार नहीं है। इस रिपोर्ट के आधार पर सेवी की जांच पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। ऐसा कहकर सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से कह दिया है कि वह हिंडनवर्ग की रिपोर्ट को सही नहीं मानता है, वह सेवी की जांच को सही मानता है तथा सेवी जांच के बाद जो भी रिपोर्ट उसे सौंपेगा उसे सुप्रीम कोटई सही मानेगा। इस तरह अडानी के खिलाफ जिस हिंडनवर्ग के रिपोर्ट के कुछ लोग आंख मूंदकर सही मान रहे थे तथा सुप्रीम कोर्ट से उ्म्मीद कर रहे थे कि वह इसी के आधार पर सरकार के खिलाफ फैसला दे। सेवी की चल रही जांच को रोक दी जाए तथा किसी दूसरी संस्था से हिंडनबर्ग के रिपोर्ट की जांच कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा नहीं किया है इससे विपक्ष के तमाम नेता झूठे साबित हुए हैं जो इस रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार को भ्रष्ट बताने का प्रयास कर रहे थे। विपक्ष खुद तो देश में मोदी सरकार के खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप सबूत सही नहीं लगा सका है विदेशी संस्थाओं के इशारे पर विपक्ष ने कई बार आरोप लगाकर मोदी सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास किया लेकिन हर बार सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार को ही सही बताया है तथा विपक्ष अपनेआप ही गलत साबित हुआ है। चाहे वह राफेक का मामला हो, पेगासस का मामला हो, हिंडनबर्ग का मामला हो,हर विपक्ष को मूंह की खानी पड़ी है तथा इससे विपक्ष की विश्ववनीयता जितन कम हुई है, मोदी सरकार की साख उतनी ही जनता के बीच बढ़ी है। विपक्ष की खामी यह है कि वह अपनी गलती से सीखता नहीं है, गलती के बाद वह गलती करता जाता है।

# आधुनिक समस्याओं से जूझता भारत कैसा विश्वगुरु?

**विश्लेषण**

**प्रियंका सौरभ**

**भारत आगे का रास्ता दिखा सकता है। यह दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में से एक है, लेकिन हमारे लोगों की भागीदारी मतदान तक ही सीमित है। भारत अपने संस्थानों का विकेंद्रीकरण करके सहभागी लोकतंत्र का एक मजबूत मॉडल बना सकता है। इसके बजाय, यह सत्ता के केंद्रीकरण मॉडल को दोगुना कर रहा है। निःसंदेह, ये समस्याएँ बहुत बड़ी हैं। आख़िरकार, विश्व गुरु बनना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। आदिकाल में हम विश्व गुरु थे,लेकिन जो स्थिति आज देश में बन गई है वह संकेत नकारात्मक है, इसके लिए हमें सकारात्मक होना ही पड़ेगा समाज में मार-काट, सामाजिक वैमनस्यता को उठाकर दूर होगा तभी हमारा दिवास्वप्न विश्व गुरु बनने का साकार रूप ले सकेगा। फिलहाल अभी हमें एक क्षीण- सी आशा की किरण भी दिखाई नहीं दे रही है । इसके लिए हमारे राजपुरुषों को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे समाज का हर वर्ग एकता के सूत्र में बंध सके और जो हमारे विश्वगुरु बनने के सपनों को साकार कर सकें।**



भारत तब तक विश्व गुरु नहीं हो सकता जब तक भारत एक मजबूत वैश्विक शक्ति नहीं बन जाता, जिसे दुनिया देखे और सुनने के लिए तैयार हो। शक्ति के बिना कोई प्रभाव नहीं है और प्रभाव के बिना कोई सम्मान नहीं हो सकता। आज यदि भारत को एक असाधारण विश्व गुरु देश के रूप में देखा जाना है, तो उसे आधुनिक समस्याओं के लिए नए समाधान पेश करने होंगे। विविधता, धार्मिक अतिवाद, असमानता और अधिनायकवाद की समस्याएँ नए उत्तर तलाश रही हैं। समाज में बढ़ती राजनैतिक और धार्मिक विषमताओं और विसंगतियों ने भारत की महान संस्कृति को विश्व के मानसपटल से विस्मृत कर दिया है। भारत भीतरी और बाहरी समस्याओं से जूझने को मजबूर है। पाकिस्तान की समस्या, चीन की कारस्तानियां, कश्मीरी घुसपैठ की चुनौती, राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव, इन सभी कारणों से देश विश्वपटल पर हाशिए पर है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के पास अद्वितीय ताकतें नहीं हैं। वास्तव में इसमें एक सार्वभौमिक दर्शन, स्वाभाविक रूप से सहिष्णु धर्म, युवा आबादी, लोकतंत्र और विविधता का दुर्लभ संयोजन है जिसकी तुलना कोई अन्य राष्ट्र नहीं कर सकता है। मुख्य बात यह है कि इन शक्तियों को बर्बाद करने के बजाय इनका सदुपयोग किया जाए।

अब जब ऐसी स्थिति हो तो फिर विश्व गुरु बनने का जो मानक होता है उस पर हम खरे उतर पाएंगे ? न तो हमारे किसी संत ने या स्वामी ने आध्यात्मिक रूप से स्वामी विवेकानंद के आस-पास अपने को लाने का प्रयास किया है न ही आज कोई उनके जैसा दिखता है, जो जाकर विश्व पटल पर अध्यात्मिक ज्ञान का सिक्का जमा सके, न ही हम आर्थिक रूप से उतने संपन्न हो सके हैं कि विश्व को चुनौती दे सके, न शैक्षिक रूप से उतने संपन्न हुए हैं और न ही सामरिक रूप से, फिर किस आधार पर हम यह कह सकते है कि हम विश्व गुरु बनने जा रहे हैं? यह शुद्ध राजनीतिक झूठ है जिसे बोलकर जनता को गुमराह किया जाता है। हां, हमारे राष्ट्र निर्माता इस झूठ से बचते हुए यह कहें कि यदि जनता सामूहिक प्रयास करे तो भारत फिर से विश्व गुरु के रूप में अपने को स्थापित कर सकता है । इसके लिए निरंतर प्रयास करना और समाज को प्रेरित करते रहना इन राष्ट्र पुरुषों का काम होना चाहिए न कि झूठे दिवास्वप्न दिखाकर फिर उसे जुमला करार देना उचित है। इसके लिए सबसे पहले, भारत को सरकार को एक नई प्रणाली का आविष्कार करना चाहिए जो दुनिया को विविध आबादी से निपटने में आगे का रास्ता दिखाए। यह स्थानीय स्वायत्तता और राष्ट्रीय सर्वोच्चता का संयोजन प्रदान करके किया जा सकता है। यह अन्य देशों के लिए अपनी में एकता को प्रबंधित करने का एक मॉडल हो सकता है। जबकि, भारत स्थानीय नियंत्रणों को नकारने और मजबूत केंद्रीय सरकारों को मजबूर करने में व्यस्त रहा है। दूसरा, धार्मिक कट्टरता को नियंत्रित करने में भारत एक वैश्विक रोल मॉडल बन सकता है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को हमेशा के लिए बलपूर्वक दूर नहीं किया जा सकता या उन पर शासन नहीं किया जा सकता। भारत को अपने अल्पसंख्यकों को सत्ता में उचित हिस्सेदारी देने का रास्ता खोजना होगा, ताकि वे हमारे राष्ट्र के पुनर्निर्माण में सच्चे भागीदार बन सकें। हिंदू एकता और आधिपत्य अल्पकालिक आवश्यक है, मगर ऐसा होने से दुनिया भर में हिंदू धर्म की प्रतिष्ठा और घरेलू स्तर पर दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। जांच के धर्म को कट्टरता के धर्म में बदलना कहाँ तक उचित है। तीसरा, भारत पूंजीवाद और समाजवाद का एक संतुलन भी ढूंढा सकता है जिसका अनुसरण दुनिया कर सकती है। यह कल्याणकारी राज्य की सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाए रखते हुए सरकार की भूमिका को सीमित करके ऐसा कर सकता है। इसके बजाय, सत्ता की तलाश में भाजपा वोट-हथियाने वाले समाजवाद के पुराने तरीकों को अपना रही है। चौथा, दुनिया भर में लोग निरंकुश सरकारों के अधीन पीड़ित हैं। भारत आगे का रास्ता दिखा सकता है। यह दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में से एक है, लेकिन हमारे लोगों की भागीदारी मतदान तक ही सीमित है। भारत अपने संस्थानों का विकेंद्रीकरण करके सहभागी लोकतंत्र का एक मजबूत मॉडल बना सकता है। इसके बजाय, यह सत्ता के केंद्रीकरण मॉडल को दोगुना कर रहा है। निःसंदेह, ये समस्याएँ बहुत बड़ी हैं। आख़िरकार, विश्व गुरु बनना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। हालात देख क्या हम कह सकते है कि भारत फिर एक बार विश्वगुरु बन सकता है? विश्वगुरु यानी विश्व को पढ़ाने वाला शिक्षक या विश्व को अंधकार से प्रकाश की और लेजाने वाला मार्गदर्शक। अगर हम भारत की वर्तमान स्थिति देखे तो भारत आज फिर से समृद्धशाली बनता जा रहा है।चाहे वो आर्थिक क्षेत्र हो या चिकित्सा का क्षेत्र हो, रक्षा क्षेत्र हो या अंतरिक्ष की दुनिया हो, विज्ञान हो या प्रौद्योगिकीय क्षेत्र हो, कृषि क्षेत्र हो या फिर उत्पादन क्षेत्र हो। लेकिन क्या ये काफी है विश्वगुरु बनने के लिये? ऐसे समृद्ध देश तो आज सभी विकसित देश भी है। सच्चाई ये है कि आज हम सिर्फ विकसित देशो की नकल कर रहे उनकी सभ्यता, संस्कृति और शिक्षा को अपना कर अपनी बहुमूल्य, गौरवशाली सभ्यता, संस्कृत और शिक्षा का इतिहास भूल गए है। स्वतंत्रता के बाद भी कमजोर सरकार और स्वार्थी नेतृत्व ने देश की नींव को ओर खोखला कर दिया। जिसके परिणामस्वरूप देश स्वतंत्र तो हो गया पर भारतवासियों की सोच स्वतंत्र नही पाई और गुलामी की जंजीरों मे वैसे ही जकड़ी रही। जो खुद गुलाम हो वो दुसरो को क्या दे सकता है?परन्तु कहीं न कहीं देश का हित सोचने वाले लोगों के द्वारा देश और इसकी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने की कामयाब कोशिश की गई लेकिन धीरे धीरे देश के नेता अपने वोट बैंक के लिये देश को धर्म जाति मे विभाजित करते गए और अपना स्वार्थ साधने लगे और जनता के पैसे अपनी तिजोरियों मे भरने लगे। सरकार परिवारवाद तक सीमित हो गयी और नेता जातिवादी हो गए,सरकारी तंत्र को घूसखोरी रूपी दीमक लग गया और सरकारी अधिकारी भ्रष्ट होते चले गए। नई पीढ़िया सिर्फ़ पढ़ लिख कर बड़ी-बड़ी उपाधियाँ ग्रहण कर सिर्फ पैसे कमाने में लग गयी और और अपनी संस्कृति, सभ्यता को भूल पश्चिमी सभ्यता में डूब गई और इसका मूल कारण हमारी शिक्षा रही जो अंग्रेजो ने हमे शिक्षा दी वही शिक्षा हमको आजादी के बाद भी प्राप्त हो रही है। जिससे देश का गौरवशाली इतिहास खो गया और नई पीढ़ी को देश से, देश की संस्कृति से कोई प्यार नही रहा।।दूसरी तरफ देश के दुश्मन देश को अंदर से खोखला ओर तोड़ने में लग गए। कानून अमीरों, सत्ताधारियो और समर्थवान लोगो के घर की जागीर बन गया। और देशद्रोहियो को पनाह देने लगा। आदिकाल में हम विश्व गुरु थे,लेकिन जो स्थिति आज देश में बन गई है वह संकेत नकारात्मक है, इसके लिए हमें सकारात्मक होना ही पड़ेगा समाज में मार-काट, सामाजिक वैमन्सयता को उठाकर दूर होगा तभी हमारा दिवास्वप्न विश्व गुरु बनने का साकार रूप ले सकेगा। फिलहाल अभी हमें एक क्षीण- सी आशा की किरण भी दिखाई नहीं दे रही है। इसके लिए हमारे राजपुरूषों को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे समाज का हर वर्ग एकता के सूत्र में बंध सके और जो हमारे विश्वगुरु बनने के सपनों को साकार कर सकें।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा, नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में यदि सहयोगी के साथ, खूबसूरती के साथ काम टालने हैं तो किसी को पता भी ना लगे ऐसा कार्य करें, जिससे आप किसी परेशानी में नहीं पड़े. व्यापारियों की बात करें तो व्यापारियों ने कल यदि बाजार से कुछ उधार ले रखा है तो उसे चुकता भी करें अन्यथा, मार्केट में आपकी इज़्ज़त भी खराब हो सकती है जिसके कारण आगे आपको कोई भी धन उधार नहीं देगा

कल आप अपने भाई बहनों के साथ में मित्रता का व्यवहार करे, उनकी परेशानियों को सुनकर उनका हल निकालने का प्रयास करें, इससे आपके भाई बहन आपका बहुत अधिक सम्मान करेंगे. आपके स्वास्थ्य की बात करें तो यदि आप पथरी की पेशेंट है तो आपको पथरी का दर्द कभी भी उठ सकता है, जिसके कारण आपको परेशानी हो सकती है. विद्यार्थियों की बात करें तो विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में ध्यान लगाए तथा अपने करियर में सफल होने का प्रयास करें.

वृषभ राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य स्थल पर आपके सहकर्मी विरोधी के रूप मेंअड़ंगा लगा सकते हैं. आप उससे बहुत अधिक सावधान रहें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो खुदरा व्यापारी ग्राहकों को लेकर कल सतर्क रहे तो अच्छा रहेगा. वह किसी तरह से बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं, इसलिए आप अपने माल की उत्पत्ति पर अधिक ध्यान दें अन्यथा, आप भी नुकसान में पहुंच सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.

तभी आपको सफलता की प्राप्ति होगी. आपके परिवार में कल बहुत अधिक सुख समृद्धि रहेगी जिससे आपका मन बहुत अधिक खुश रहेगा. कल आप के स्वास्थ्य की बात करें तो कल आपको छाती में कुछ परेशानी हो सकती है, इसीलिए थोड़ा सा सावधान रहिए और ठंडी चीजों का खाने से परहेज रखें, अन्यथा, आपके छाती मे कफ जमसकता है. कल आपको बहुत अधिक आर्थिक लाभ हो सकता है. आर्थिक लाभ होने से आपके जीवन स्तर में बहुत अधिक बदलाव आ सकता है, जिसके कारण आप बहुत अधिक खुश रहेंगे, आपको धन की कोई कमी नहीं रहेगी.

मिथुन राशि- कल का दिन सही रहेगा. कल नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में प्रमोशन हो सकता है, परंतु आपका नाम प्रमोशन लिस्ट में शामिल होने मे संदेह भी हो सकता है. इसीलिए आप इससे नाराज या दुखी ना हो, बल्कि अपना बेहतर प्रदर्शन करने का मौका तलाश करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो लकड़ी के व्यापारियों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा लकड़ी के व्यापारियों के लिए कल का दिन बहुत बढ़िया रहेगा उन्हें कल बहुत अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है.

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात कर रहे हैं तो आपके करियर के क्षेत्र में अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ और अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, आप इसके लिए तैयार रहें तथा जमकर अपने प्रमोशन की तैयारी के लिए बहुत अधिक मेहनत करते रहें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो हार्डवेयर के व्यापारियों को कल बहुत अधिक मुनाफा हो सकता है जिससे आप बहुत अधिक प्रसन्न भी रहेंगे. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों को कल अपनी क्षमता से अधिक मेहनत करनी होगी, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति मिल सकती है और उनका करियर भी बहुत अच्छी तरह से बन सकता है.

सिंह राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपको आपके ऑफिस में आपके बॉस की ओर से बहुत अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिनको पूरा करके आपको अपने भविष्य के प्रमोशन की तैयारी करनी होगी, आपके बॉस आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल होटल और रेस्टोरेंट का काम करने वाले व्यापारियों को कल अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है, परंतु आप अपने खाने की गुणवत्ता का ध्यान रखें, आपके कर्मचारी कुछ गड़बड़ कर सकते हैं, इसीलिए आप अपने खाने बनाने के स्थान पर जाकर निगरानी करें.

कन्या राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल उन्हें दूसरी जगह ट्रांसफर का लेटर मिल सकता है, उन्हें अपना बैग तैयार रखना चाहिए, उनको बाहर जाने के लिए कभी भी खबर मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपके व्यापार में कोई नया विचार उत्पन्न हो रहा है तो ऐसे में बदलाव को लेकर भी आप आपके दिमाग में नहीं-नई आईडिया आएंगे, आप कोई भी आईडिया नया अपना कर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं, इससे आपका व्यापार और अधिक अच्छा चलेगा.

तुला राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग नई नौकरी की शुरुआत कर रहे हैं उन्हें ऑफिस में किसी न किसी का सहयोगी बनकर कार्य करना होगा, इससे आप परेशान ना हो कार्य सीखने के लिए आपको किसी के अंडर में कार्य करना पड़ेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो स्टील के व्यापारियों को कल उचित मात्रा में मुनाफा मिल सकता है. अन्य कारोबार भी अपनी सामान्य गति से बढ़ेंगे, परंतु स्टील के व्यापारियों को अधिक लाभ होगा.

वृश्चिक राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको दफ्तर में उच्च अधिकारियों से अच्छे संपर्क बनाकर रखना होगा. उनके संपर्क से ही आपके आगे के रास्ते खुल सकते हैं. आपको पद में बढ़ोतरी मिल सकती है तथा वेतन में भी आपकी बढ़ोतरी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो अनाज के व्यापारियों की आर्थिक आय बहुत अधिक बढ़ सकती है. कीमतों में अचानक से बढ़ोतरी होने के कारण उनका अनाज ऊंचे दामों पर बिक सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी और उनके परिवार में सुख संपन्नता आएगी.

धनु राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल यदि आपने कहीं पर नौकरी के लिए नया आवेदन किया है तो उस चयनित लोगों की सूची में आपका नाम भी आ सकता है इससे आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे, परंतु आप अपने ऑफिस में अपने कार्यों को बहुत ही अधिक सतर्कता के साथ करें अन्यथा, आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास भी कर सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल इलेक्ट्रॉनिक के सामानों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं को अच्छी मात्रा में मुनाफा हो सकता है, उनके पास धन की कोई कमी नहीं रहेगी.

मकर राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में किसी भी प्रकार के आवश्यक कार्य में कोई जल्दबाजी न करें. अन्यथा, आपसे कोई कार्य खराब हो सकता है. आप उन कार्यों को धैर्य पूर्वक करें, आपको उन्नति मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो टेलीकम्युनिकेशन के व्यापारियों को कल बहुत अधिक अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है, आपको कहीं पर डिवाइस लगाने का आर्डर मिल सकता है जिससे आपको बहुत अधिक धन की प्राप्ति हो सकती है. युवा जातकों की बात करें तो आप जो भी कार्य करेंगे या करना चाहते हैं उसे आप मन लगाकर करें, लक्ष्मी जी की आरती करके ही आप किसी कार्य की शुरुआत करें.

कुंभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक सफलता की प्राप्ति हो सकती है और आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी अपने कर्मचारियों से काम लेने के लिए अपने व्यवहार कठोरपन दूर रखें, अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, तभी आपके कर्मचारी मन लगाकर कार्य कर सकेंगे और आपको आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा. आपका व्यापार अच्छा चलेगा. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल अपने किसी कार्य में मन लगाकर कार्य करें नहीं तो उलझ कर रह जाएंगे. जिसके कारण युवा जातक परेशान हो सकते हैं. किंतु परेशान होने से कुछ नहीं होगा.

मीन राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल नौकरी करने वाले जातकों के लिए पुरानी कंपनी से नौकरी के लिए ऑफर आ सकता है, यदि आपको पद और पैसा पहले नौकरी के मुकाबले अच्छा मिल रहा है तो आप यह ऑफर अपना सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करे तो कल दूध का व्यापार करने वाले जातकों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है. बस आप अपनी क्वालिटी को मेंटेन करने का प्रयास करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्राहक आपके पास आए. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों का कल मनोबल बहुत अधिक ऊंचा रहेगा.

**व्यंग्य**

# शुभ यात्रा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

भारतीय रेलों का शौचालय अनूठे अनुभवों का खजाना है, जिसकी सराहना केवल वे ही कर सकते हैं जिन्हें इनका उपयोग करने का दुर्भाग्य प्राप्त हुआ है। तंग जगह, संदिग्ध स्वच्छता, हिलती-डुलती दुनिया और अत्यधिक दुर्गंध का संयोजन सबसे शांत यात्री को भी कांपते हुए गंदगी का शौचदूत बना सकता है। किंतु, डरिए मत, क्योंकि मैं यहां आपको भारतीय रेलों के भीतर शौचालयों के भीतर होने वाले अद्भुत रोमांचों की कहानियों से रूबरू कराने आया हूं। सबसे पहले, आइए आधुनिक इंजीनियरिंग के इन चमत्कारों के भौतिक आयामों पर चर्चा करें। मैं ÷आधुनिक÷ शब्द का प्रयोग शिथिल रूप से करता हूँ, क्योंकि ये शौचालय अक्सर किसी बीते युग की चीज़ से मिलते जुलते हैं। तंग जगह आराम और राहत की जगह की तुलना में अपहरण कर






छिपाकर रखने वाली सुरक्षित जगह है। यह स्थान इतना हिलता-डुलता रहता है कि अपने आपको इधर-उधर न छूने की पैंतरेबाज़ी करनी पड़ती है। सावधान रहना चाहिए कि किसी भी अज्ञात पदार्थ के डर से किसी भी सतह को न छू लें।

एक बार यह मान लेने के बाद कि जब इस यात्रा के विकल्प में कोई चारा नहीं है तब यात्री को गंध की एक श्रृंखला अपने जीवन अनुभव में जोड़कर अपने आने वाली पीढ़ी को शौच बखान के अंतर्गत जोड़कर सुनाना चाहिए। सुगंध इतनी तीव्रता से इंद्रियों पर हमला करती है कि यह अनैच्छिक उल्टी और आँसू पैदा कर सकती है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ किसी को अपने घ्राण तंत्र पर हमले को सहने और अपनी सहनशीलता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पूरी मानसिक शक्ति जुटानी पड़ती है। शौचालय का जंजीर वाला लोटा स्विज़ बैंक से भी अधिक सुरक्षित है। यह ध्यान रखना पड़ता है कि सुविधाएं स्वयं अक्सर वांछित नहीं होती हैं। पाइपलाइन, अक्सर ख़राब स्थिति में होती है, मानो इसे टिप-टिप करते हुए अकाल के दिनों में बरसात की अनुभूति की जिम्मेदारी दी गई है। जो बहादुर आत्मा सुविधाओं का उपयोग करने का साहस करती है, उसे संदिग्ध उत्पत्ति और निरंतरता की अचानक बौछार की संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए। किंतु डरिए मत, क्योंकि साहसिक कार्य यहीं समाप्त नहीं होता है। भारतीय रेल शौचालयों का असली चमत्कार उनके द्वारा प्रदान किया जाने वाला सामुदायिक अनुभव है। स्वयं को कई अन्य व्यक्तियों के साथ अंतरंग स्थान साझा करते हुए देखना असामान्य नहीं है, सभी थोड़ी सी गोपनीयता और गरिमा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अजीब सी खामोशी को केवल ट्रेन की लयबद्ध गड़गड़ाहट और कभी-कभार सुविधाओं से जूझ रहे किसी व्यक्ति की कराह को छिपाने का इससे बढ़िया स्थान नहीं हो सकता है। और हमें उस अनूठे सांस्कृतिक अनुभव को नहीं भूलना चाहिए जो भारतीय रेल के शौचालय प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी जगह है जहां सामाजिक मानदंड और व्यक्तिगत सीमाएं अपनी सीमाओं तक फैली हुई हैं। यह एक ऐसी जगह है जहां जाति व्यवस्था का कोई प्रभाव नहीं है, क्योंकि जीवन के सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को अपनी साझा पीड़ा में एक साथ आना पड़ता है। यह एक ऐसी जगह है जहां जीवित रहने के पक्ष में चरित्र और मर्यादा को त्यागना पड़ता है। लेकिन मेरे लहज़े को तिरस्कार का स्वर मत समझिए। इसके विपरीत, मैं भारतीय रेल के शौचालयों को एक अजीब तरह के अनुभव के रूप में देखने लगा हूं। वे मानव आत्मा के लचीलेपन और दृढ़ता का प्रमाण हैं, एक अनुस्मारक हैं कि हम सभी अपनी सबसे बुनियादी जरूरतों में एकजुट हैं। वे भारतीय रेल यात्रा की अनेकता में एकता का एक सूक्ष्म रूप हैं, एक ऐसा अनुष्ठान जो निश्चित रूप से किसी भी यात्री को दृढ़संकल्पित बनाने का धैर्य देता है। अंत में, मैं आपसे भारतीय रेल के शौचालयों को एक बाधा के रूप में नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास और सांस्कृतिक समझ के अवसर के रूप में देखने का आग्रह करता हूं। यह यात्रा अनुभव का एक अनूठा और अविस्मरणीय पहलू हैं, जो निश्चित रूप से आपकी स्मृति पर एक अमिट छाप छोड़ेगा। तो, अगली बार जब आप खुद को भारतीय रेल के शौचालय का उपयोग करने की कठिन संभावना का सामना करते हुए पाएं, तो एक गहरी सांस लें, आगे की परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार करें, और उस रोमांच को स्वीकार करें जो आपका इंतजार कर रहा है। शुभ यात्रा!

**गंभीर मुद्दा**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# खेलों में राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक

**खेल संघों पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। सरकार का यह कर्तव्य है कि खिलाड़ियों को सुरक्षित व प्रगतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जाए। इससे खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकेंगे। इसलिए खेल को सियासत के कुचक्र में न फंसाकर राष्ट्र हित में योगदान देना चाहिए। विवादित मुद्दे का राष्ट्र हित और खिलाड़ियों के हक में समाधान किया जाना चाहिए। हमारा प्रयास खिलाड़ियों के लिए अच्छा वातावरण मुहैया करवाना चाहिए।**



कुश्ती को लेकर मचे बवाल के बीच खिलाड़ी भी सियासी रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। यह खेल और खिलाड़ी दोनों के भविष्य के लिए चिंताजनक है। खेलों में सियासत ठीक नहीं है। खेलों में पक्ष-विपक्ष की राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक है। खेलों में राजनीति गलत है। खेल साफ, स्वच्छ और पारदर्शी होने चाहिए।वर्तमान कुश्ती संघ और सियासती विवाद से दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती को सियासत ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु सियासत के चलते ऐसा नही हुआ। यह खेलों पर एक बदनुमा दाग, शर्म का विषय और त्रासदी है। देश के जो खिलाड़ी विदेशी सरजमीं पर तिरंगे का मान बढ़ाते आए उन्हें अपने अधिकारों के लिए जंतर- मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। क्या ऐसे देश खेलों में आगे बढ़ेगा? देश को मेडल दिलाने वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। पहलवान कुश्ती महासंघ से दो-दो हाथ करने उतरे हैं। आखिर इस खेल और सियासी लड़ाई का अंजाम क्या होगा? किसकी सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि क्या महिला खिलाडियों के साथ यौन शोषण होता है? या फिर ये सियासती मामला है। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। अगर कुश्ती में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में हर खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा। महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्या राजनीति के चलते दम तोड जाती है प्रतिभाएं? खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है। खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं और आवाज़ उठाने पर ख़त्म कर दिया जाता है। इसका दुष्परिणाम यह है कि आज अभिभावक कुश्ती या अन्य खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।

देश में अभिभावक पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजतेहज़ार बार सोंचेंगे। हाल ही में सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखें राजनीतिज्ञ चुप बैठने वाले नहीं हैं। वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जांएगे। इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ की सियासत उनके हाथ से न जा पाए। भले ही सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा। लेकिन खेल संघ से राजनैतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। खिलाड़ी भी यदि राजनीति में आ जाए तो उसे भी खेल संघ से बाहर ही रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कार्ट भी खेल संघों में राजनैतिक दखल को लेकर चिंता जता चुका है और इसे कटाई जायज़ नहीं ठहराता। खेलों में सियासत का सकारात्मक प्रभाव समाज में एकात्मकता और सामाजिक समर्थन की भावना लेकर आता है और खिलाड़ियों को एक सकारात्मक पहचान बनाए रखने में मदद करता है वही इस बात की अनदेखी भी की नहीं की जा सकती कि कई बार अमुक खिलाड़ी को मनचाहे स्थान पर पहुंचाने के लिए सियासी दबाव और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। सियासी हस्तक्षेप नेताओं के बीच जातिवाद धर्मनिरपेक्षता राजनीतिक असंतुलन लता है और खेलों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में सियासी दलों ने कुश्ती को अपने निजी लाभ के लिए उपयोग करने का दुष्प्रयास किया है जिससे खिलाड़ियों और खेल समर्थको को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। सियासत का प्रयोग खेल और खिलाड़ियों के विकास में किया जाना चाहिए। निजी लाभ और निजी प्रकरणों का समायोजन खेल भावना से दूर होना चाहिए। ताकि वह खेल देश को गौरवान्वित करें और करता रहे। खेलों को सियासी बनाने वाले मुद्दे आमतौर से विवादास्पद हो रहे हैं। सियासत की दखलंदाजी से खेल में समझौते,रैगिंग जैसे संभावनाएं बड़ी है जिसका खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ता है। अब नौबत यहां तक आ गई है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल फेंकने तक का काम करना पड़ रहा है। खेल संघों में खिलाडी होने चाहिए। वे खेल और खिलाड़ी को ज्यादा समझते हैं। राजनेता नहीं। सियासत के चलते बेपटरी हुए कुश्ती संघ को पटरी पर लाने उसमें खिलाडियों और पहलवानों का विश्वास जमाने को बहुत कुछ करना होगा। संघ में खिलाड़ी लाने होंगे। शुभ संकेत होगा कि कुश्ती संघ की गरिमा बचाने और बेटी की सुरक्षा की चिंता करते परिवारजनों को आश्वास्त करने के लिए कुश्ती संघ का अध्यक्ष किसी महिला खिलाड़ी को बनाए। ऐसे संघों पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। सरकार का यह कर्तव्य है कि खिलाड़ियों को सुरक्षित व प्रगतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जाए। इससे खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकेंगे। इसलिए खेल को सियासत के कुचक्र में न फंसाकर राष्ट्र हित में योगदान देना चाहिए। विवादित मुद्दे का राष्ट्र हित और खिलाड़ियों के हक में समाधान किया जाना चाहिए। हमारा प्रयास खिलाड़ियों के लिए अच्छा वातावरण मुहैया करवाना चाहिए।



# किसानों के हितों को प्रभावित करने वाले अवैध धान संग्राहकों पर कार्यवाई करें सुनिश्चितः कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 जनवरी।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा है कि जिले के किसानों के हितों को कोई बाहरी व्यक्ति प्रभावित नहीं करें इस हेतु जिले में अवैध धान परिवहनकर्ताओं और संग्राहकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को जिले के किसानों का धान, उपार्जन केंद्रों में पहुंचने और शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय कृषि उपज मंडी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार अवैध धान परिवहन के कुल 09 प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई, जिसमें 314 क्विंटल धान और 07 वाहन को जप्त किया गया है। जिले में एक जनवरी तक धान का अवैध परिवहन करते हुए कार्यवाही में 6 लाख 64 हजार 726 रुपए की अनुमानित मूल्य का धान को जब्ती की गई है। इसके साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी अवैध धान परिवहन एवं संग्रहण के विरूद्ध कई प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। जिसके तहत तहसीलदार जगदलपुर द्वारा दिसम्बर माह में उड़ीसा राज्य की सीमा में 340 बोरी और 04 जनवरी 2024 को 683 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। इसके अलावा बकावंड तहसील कार्यालय के द्वारा भी अवैध धान परिवहन सम्बन्धी प्रकरण दर्ज किया गया है। धान उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में विक्रय करने की आशंका रहती है। अतः शासन के निर्देशानुसार जिले के सीमावर्ती जांच नाकों में अवैध धान के आवक पर विशेष निगरानी रखने हेतु जांच नाका धनपुंजी, भेजापदर, कोलावल, नलपावंड, तारापुर, बदलावंड और पोटियावण्ड में स्थापित किया गया है। सीमा जांच नाका में अधिकारियों को सीमावर्ती राज्य से अवैध रुप से बगैर दस्तावेज के धान के परिवहन होने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में नवंबर 2023 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है।



## एक नजर

### सुकमा जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**सुकमा 5 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित की है। जिनमें 20 फरवारी को रामाराम मेला,11 अक्टूबर को महाष्टमी और 01 नवम्बर को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) शामिल है। इस दिवस को सम्पूर्ण सुकमा जिला में अवकाश रहेगी तथा यह अवकाश कोषालय, उपकोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होगी।

### नव पदस्थ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने किया पदभार ग्रहण



**दंतेवाड़ा, 5 दिसंबर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के आईएएस श्री मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यहां से स्थानांतरित कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार से कलेक्टर पद का प्रभार प्राप्त किया है। श्री मयंक चतुर्वेदी इससे पहले गौरेला पेंड्रा मरवाही में सहायक कलेक्टर, एसडीएम और धमतरी जिले में सीईओ जिला पंचायत तथा आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागीय अधिकारी गण मौजूद थे।

### 7 से 14 जनवरी तक होगा टैक्सी-मैक्सी एवं आटो वाहन चालकों के लिए बीमा-फिटनेश एवं परमिट सम्बन्धी समाधान शिविर

**जगदलपुर 5 जनवरी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय जगदलपुर द्वारा 07 से 14 जनवरी 2024 तक समस्त टैक्सी-मैक्सी एवं आटो वाहन चालकों के लिये बीमा, फिटनेश एवं परमिट सम्बन्धी समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त समाधान शिविर में उपस्थित होकर टैक्सी-मैक्सी एवं आटो वाहन स्वामी अपनी टैक्सी या ऑटो वाहनों से संबंधित समस्याओं का समाधान करवा सकते है।

## जहाँ भी अनियमितता के आरोप लगे हैं, उन सबकी जांच होगीः विजय शर्मा

**रायपुर 5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई को सौंपे जाने के प्रदेश सरकार के आदेश के संबंध में कहा है कि जहाँ पर भी इस तरह की अनियमितताओं के आरोप लगे हैं, उन सबकी जाँच होगी। लेकिन यह तय है कि जहाँ-जहाँ इस तरह के आरोप लगे है, युवाओं में असंतोष है, नौजवानों के साथ अन्याय हुआ है, उन सभी बिंदुओं को जाँच के दायरे में लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम किया जाएगा। अपराधों पर नियंत्रण के लिए भाजपा सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। इसके लिए पुलिसिंग को भी दुरुस्त किया जाएगा। अंतरराज्यीय अपराधियों व तस्कर गिरोह पर अंकुश लगाने , सूखा नशा और उसके काले कारोबार के लिए प्रदेश सरकार एक अलग सेल बनाकर काम करेगी जो इस काम को पूरी दक्षता से देखेगा। सीमावर्ती इलाकों से भी इस तरह की तस्करी होती है। प्रदेश सरकार की कोशिश होगी कि इस कारोबार में लगी पूरी चेन को ही नेस्त-ओ-नाबूद करें। सख्ती से कार्रवाई की जाए, जड़-मूल से ही इसे खत्म कर दिया जाए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपराध और नक्सली हिंसा पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों से कहा गया है कि विभिन्न अस्पतालों में लैंडमैन विस्फोट से पीड़ित जवानों से मिलकर जो दर्द देखा है, वह दर्द शारीरिक के साथ-साथ परिवार के लिए भी बड़ा दर्द है। इस दर्द का हिसाब तो लेना होगा। यूँ ही नहीं छोड़ जा सकता इसे। दर्द का हिसाब लिया जाएगा। नशा है, जिसके कारण अपराध होते हैं। पुलिस और ज्यादा ताकत से काम करेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण और सुरक्षा के लिए प्रयासों को गति देगी। अंतराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा और आधुनिकीकरण के लिहाज से काम करेंगे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल और पुसपाल का किया निरीक्षण

**पुसपाल चेकपोस्ट में अवैध धान परिवहन को रोकन सघन जांच करने के दिए निर्देश**



**सुकमा, 5 जनवरी ।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने गुरूवार को जिले के धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल, पुसपाल और पुसपाल चेकपोस्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल और पुसपाल में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुँचे कृषकों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि उन्हें समय पर धान बिक्री की राशि प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने किसानों से धान खरीदी से मिलने वाली राशि के उपयोग तथा वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लंबित धान बोनस राशि प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, धान खरीदी हेतु टोकन, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने बारदानों के अवलोकन के अलावा नवीन मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जाँच की। जाँच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। किसानों ने धान खरीदी केंद्र के बेहतर व्यवस्था की सराहना की। कलेक्टर ने पुसपाल चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के अंतरराज्यीय सीमावर्ती चेकपोस्ट पर अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम छिंदगढ़ श्री प्रताप विजय खेस्स सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### जय श्रीराम के नारों से गूंज उठी धर्म नगरी



**कोंटा सुकमा 5 जनवरी।** बस्तर के माटी समाचार/नगर पुण्यभूमि अयोध्या से पवित्र श्री रामचंद्र जी की अक्षत को कोंटा नगर में प्रत्येक हिन्दू परिवार को अक्षत वितरण किया जा रहा है,जिसमे नयापारा श्री श्री श्री उमा सर्वा मंगला समेता रामलिंगेश्वर स्वामी मंदिर कोंटा से प्रारंभ कर पूरे कोंटा नगर में अक्षत वितरण किया जा है,और प्रभात फेरी 5.30 बजे से प्रारंभ कर श्री राम जी के जय करो के साथ प्रातः वंदन किया जा रहा है,सभी से 22 जनवरी को अयोध्या श्री राम मंदिर स्थापना में की आमंत्र,श्री रामचंद्र की फोटो वितरण कर अयोध्या श्री रामचंद्र जी की मंदिर दर्शन के लिए निवेदन किया हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से संघ के स्वयंसेवक ,एवं मातृ शक्तियों और हिंदू सेना का विशेष योगदान दिया जा रहा है।

### शासकीय फिजियोथेरपी महाविद्यालय में फिजियोथेरेपी की अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर. 5 जनवरी।** शासकीय फिजियोथेरपी महाविद्यालय रायपुर द्वारा 4 एवं 5 जनवरी 2024 को कार्डियोपल्मोनरी रिहैबिलिटेशन एवं बेसिक लाइफ़ सपोर्ट पर, दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार 4 जनवरी को मुख्य अतिथि संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, अधिष्ठाता पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. तृप्ति नागरिया एवं विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन (अम्बेडकर अस्पताल) डॉ. आर. के. पंडा, विभागाध्यक्ष सीटीवीएस (अम्बेडकर अस्पताल) डॉ. के. के. साहू एवं प्राचार्य शासकीय फिजियोथेरिपी महाविद्यालय डॉ. रोहित राजपूत की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए दिल्ली से विषय विशेषज्ञ डॉ. सुमंता घोष को आमंत्रित किया गया है। डॉ. सुमंता घोष ने आईसीयू में भर्ती मरीजों को दी जाने वाली फिजियोथेरेपी की विभिन्न तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इन अत्याधुनिक तकनीकों में मैन्युअल हाइपर इंफ्लेशन, सक्शन, चेस्ट पर्कशन इत्यादि शामिल रहे। इन तकनीकों से फेफड़ों में जमे बलगम को श्वास नली के रास्ते बाहर निकालने की कोशिश की जाती है जिससे साँस लेने में आसानी हो सके और ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ सके। जल्दी साँस फूलने कि स्थिति में डायाफ्रैगमैटिक ब्रीदिंग करनी चाहिए जिसके अंतर्गत नाक से साँस लेकर, पेट में साँस भरकर, मुँह से धीरे-धीरे साँस छोड़ने से, साँस लेने की प्रक्रिया कुशल हो जाती है। नाक से साँस लेते हुए दोनों हाथ ऊपर उठाना और मुँह से साँस छोड़ते हुए हाथ नीचे करना, इस तरह से व्यायाम के साथ साँस के तालमेल से लाभ बढ़ जाता है। शरीर की मांसपेशियों की ताक़त बानाये रखने के लिए न्यूरोमस्क्यूलर इलेक्ट्रिकल स्टिम्यूलेशन का इस्तेमाल किया जाता है।



# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में 17 जनवरी को नगर में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**श्रीराम दरबार झांकी, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 5 जनवरी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में गीदम नगर में 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से नगर के हनुमान मंदिर से श्रीरामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान श्रीराम दरबार झांकी, पारम्परिक वाद्य यंत्रों, बस्तर संस्कृति की झलक, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। वही 22 जनवरी को नगर के प्रत्येक मंदिर में साज सज्जा की जाएगी व घरों में सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा। नगर को दीपो से सजाया जायेगा। साथ ही दंतेवाड़ा जिले के सभी कार सेवकों का सम्मान किया जायेगा। गौरतलब है कि अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण 1 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। हिंदू संगठनों के स्वयं सेवकों के द्वारा अक्षत और भगवान राम की फोटो के साथ पत्रक घर घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार द्वार पर रख कर राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आगामी 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के लाखों हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अभियान में विहिप, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन प्रत्येक ग्राम, बस्तीतक पहुंच कर, प्रत्येक हिंदू परिवार को पीले चावल दे कर अयोध्या में श्रीरामलला के नूतन मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण दे रहे है। इसके साथ ही विहिप व अन्य हिंदू संगठनों ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज से अपील की है कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की नूतन मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा होगी, तब सभी यह कार्यक्रम समूह में देखे, सभी मंदिरों में भव्य आरती हो। उस दिन दीपावली जैसा वातावरण संपूर्ण नगर, ग्राम, बस्ती में तैयार हो, हर घर में भगवा पताका, रंगोली, लाइटिंग, आतिशबाजी, एवं दीप जला कर सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव मनाया जाए।

# पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 5 जनवरी।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री सुशील मिश्रा, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन तथा श्री मुक्तियार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 229 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, श्री विजय सिंह राजपूत, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा, श्री मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में दिनांक 04.01.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प सिलगेर से श्री कुलदीप राय, डिप्टी कमाण्डेन्ट 229 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक सुरेन्द्र यादव थाना प्रभारी जगरगुण्डा के हमराह 229 वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला बल की पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम दुरनदरभा, बेदरे जंगल की ओर रवाना हुए कि अभियान के दौरान बेदरे के जंगल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने व छिपने लगे। जिसमे से 01 संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तिय से पूछताछ करने पर अपना नाम माडवी कोसा उर्फ भीमा पिता स्व. सुकलू उम्र लगभग 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेदरे रोडपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा का होना बताया। जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सिलगेर आरपीसी अन्तर्गत डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। जिसे थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 17.12.2023 को कैम्प बेदरे से निकली गस्त, सर्चिंग पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में अन्य नक्सली सदस्यों के साथ शामिल था।



### दंतेवाड़ा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पर कूट रचित एफआईआर कलेक्टर दीपक सोनी के कार्यकाल की भी हो जांचःरामू नेताम

**दंतेवाड़ा 5 जनवरी।** बीजेपी के मंडल महामंत्री और जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दंतेवाड़ा के पूर्व दंतेवाड़ा और वर्तमान कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी पर हमला बोला है । उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी को कांग्रेस का एजेंट बताते हुए कहा कि दीपक सोनी के कार्यकाल में जिले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच होनी चाहिए और इसके लिए वो मुख्यमंत्री से निवेदन भी करेंगे। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी पर बीजेपी कार्यकर्ताओं के प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में नवरात्र दुर्गा पूजा के अवसर पर दंतेवाड़ा के तत्कालीन कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टर निवास के सामने बने मिनी स्टेडियम में डांडिया का आयोजन करवाया था , जिसमें आपत्तिजनक तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था।



जिसका विरोध दंतेवाड़ा के तत्कालीन बीजेपी मंडल अध्यक्ष श्रवण कडती ने यह कहते हुए किया था की डांडिया केवल नृत्य नहीं माता की आराधना है ,इसलिए फूहड़ तस्वीरों को हटाया जाए ,इस विरोध से नाराज होकर संकीर्ण मानसिकता वाले कलेक्टर दीपक सोनी ने आयोजन में उक्त तस्वीर के लिए माफी मांगने के बजाय नियम कानून को ताक में रखकर, उल्टे मंडल अध्यक्ष श्रवण कडती पर चुपके से कूट रचित स्रद्धक्र करवा दिया । रामू नेताम ने कहा कि पहले दीपक सोनी ने तत्कालीन मंडल अध्यक्ष को समझौते के लिए थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देने को कहा था,जब श्रवण कडती ने आवेदन दे दिया तो दीपक सोनी ने कांग्रेसी कार्यकर्ता और अपने गुर्गे के जरिए गुपचुप तरीके से कूट रचित एफआईआर दर्ज करवा दिया ।

# जिले की 12 ग्राम पंचायतों में पहुंचा योजनाओं का प्रचार वाहन

**जगदलपुर 5 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं की प्रचार वाहन गुरुवार को कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसके अंतर्गत बस्तर विकासखंड के कावड़गांव और मांदलापाल, दरभा विकासखंड के करका, छिंदावाड़ा एवं तीरथगढ़, जगदलपुर ब्लॉक के कालीपुर, बालीकोंटा और तितिरगांव तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के सतसपुर एवं करेकोट सहित बकावंड ब्लॉक के बेलपुटी-01 एवं बेलपुटी-02 में पहुंची और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु इन स्थानों पर विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई, साथ ही बच्चों ने क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना।

इस मौके पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 6 परिवारों के लिए 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

जगदलपुर 5 जनवरी। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 06 परिवारों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बास्तानार ग्राम बास्तानार निवासी लक्ष्मण कवासी की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती रामबती को, तहसील तोकापाल ग्राम छापरभानपुरी निवासी लच्छिन की मृत्यु पानी में डूबने से भाई व बहन को, ग्राम छापरभानपुरी निवासी हांदो मण्डावी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र व पुत्री को, तहसील बस्तर ग्राम कारीतरईपाल निवासी धनुर्जय बघेल की मृत्यु सांप काटने से पत्नि श्रीमती कमला को, ग्राम भालूपारा निवासी कुमारी दिव्या की मृत्यु पानी में डूबने से पिता चंदन यादव को और ग्राम खोरखोसा निवासी देवेश कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता डमरू सिंह को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पदभार ग्रहण किया

**कोण्डागांव, 5 जनवरी।** जिले के नव पदस्थ कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने शुक्रवार 5 जनवरी को पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के अधिकारी श्री कुणाल दुदावत इससे पूर्व बिलासपुर में नगर निगम आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। कोण्डागांव जिले के निवर्तमान कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज केसरिया सहित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने किया निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम का निरीक्षण

**रायपुर 5 जनवरी।** नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मोतीबाग के समीप निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम का निरीक्षण भ्रमण किया। उन्होंने निर्देशित किया है कि अध्यनरत युवाओं को उनकी जरूरत की पुस्तकें, इंटरनेट कनेक्टिविटी और उत्कृष्ट वातावरण प्राप्त हो इसका ध्यान अवश्य रखें। डॉ. सिंह ने नए कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया एवं आज ही नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मोतीबाग के समीप 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे स्मार्ट रीडिंग रूम का निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान डी.एफ.ओ. विश्वेश राय,नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री पी. के. पंचायती, जिला रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल, डिप्टी मैनेजर श्री संजय अग्रवाल, श्रीमती नेहा पटेल भी साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देशित किया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयोगी जरूरी पुस्तकें, अध्ययनरत युवाओं के खान-पान की व्यवस्था भी इस 600 सीटर रीडिंग रूम में साथ ही किया जाए।

### नवपदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 जनवरी।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज कार्यभार ग्रहण के उपरांत जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कोर्ट, अपर कलेक्टर कक्ष एवं कलेक्टोरेट स्टाफ कक्ष, नजूल शाखा, स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन, भू-अभिलेख शाखा, अभिलेखागार, डायवर्सन शाखा, एसडीएम कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जनसम्पर्क कार्यालय, सभाकक्ष सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उइके, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमित अग्रवाल सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

एक नजर

## नवनियुक्त कलेक्टर अग्रवाल ने जिला कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**गरियाबंद, 5 जनवरी।** गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के प्रथम तल और भूतल में स्थित कार्यालयों एनआईसी कक्ष, सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, व्यापार एवं उद्योग, प्रधानमंत्री सड़क, जनसंपर्क, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनचौपाल कक्ष, जिला कोषालय, भू-अभिलेख शाखा सहित परिसर में बन रहे नये गार्डन के निर्माणाधीन कार्यो का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित सभी एसडीएम और जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के मेन एंट्रेंस में स्थापित ई.वी.एम डेमोस्ट्रेशन मशीन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर की मौजूदगी में संयुक्त कार्यालय में ग्राम अमलीपदर से पहुंचे ग्रामीण श्री पालेश्वर साहू ने ईवीएम मशीन से वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने ईवीएम डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से आगंतुकों को वोटिंग की प्रक्रिया की जानकारी सरल शब्दों और स्थानीय भाषा में देने के निर्देश मौके पर मौजूद कर्मचारी को दिये।

## भोपालपटनम कालेज का छात्र पिकनिक के दौरान इंद्रावती नदी में बह गया

**बीजापुर, 5 जनवरी।** जिले का अंदरूनी गांव मट्टीमारका के इंद्रावती नदी में भोपालपटनम कालेज के 12-15 छात्र पिकनिक गए हुये थे। इन छात्रों में से एक छात्र कविराज के पानी के तेज बह गया। मिली जानकारी अनुसार इंद्रावती नदी में बहा छात्र भोपालपटनम कालेज में अध्ययनरत है। बीएससी फाइनल का छात्र जिसका नाम मुकेश कविराज(22) साल) बताया गया है। ग्राम चेरपल्ली भोपालपटनम का निवासी है। छात्रों के द्वारा थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पिकनिक से वापस आये छात्र छात्राओं से पुलिस द्वारा पुछताछ व बयान लिये गये है। मट्टीमरका गांव से लगी इंद्रावती नदी की दूरी भोपालपटनम से लगभग 18 किमी की बताई जा गई है। घटना गुरुवार दोपहर 3-4 बजे की बीच की बताई गई है।घटनास्थल पर रात होने से सुबह गोताखोरों टीम पहुंच कर रेस्क्यू किया जा रहा है। थाना प्रभारी जांगड़े के अनुसार सुबह बीजापुर से नगर सैनिक व एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। मट्टीमरका में इंद्रावती नदी पर छात्र की तलाशी अभियान में राजस्व व पुलिस के जवान तैनात किए गए है।

## क्रॉस फायरिंग में घायल महिला का तत्काल बना आधार कार्ड

बीजापुर 5 जनवरी । जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर के ग्राम मुदवेंडी की रहने वाली ग्रामीण महिला मासे सोड़ी का सोमवार शाम पुलिस.नक्सली मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग के दौरान घायल हुई थी। जिससे मासे सोड़ी की दांए हाथ का उंगली में गोली लगी थी। राज्य शासन द्वारा पीड़ित महिला को सात लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी जिसके लिए पीड़ित महिला का आधार ऑपरेटर एवं सुपरवाइजर द्वारा बायोमेट्रिक एक्सेप्शन प्रोसेस से आधार कार्ड पंजीयन किया गया। जिसे ढ्ढ्ढ स्टेट टीम छत्तीसगढ़ की सहायता से तत्काल आधार कार्ड निर्माण कराया गया। आधार कार्ड त्वरित बनने से पीड़ित महिला को सहायता राशि प्राप्त करने में आसानी हुई।

## अल्फा इंगलिश मीडियम स्कूल के वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही

**बीजापुर, 5 जनवरी।** जिले का प्रथम अंग्रेजी




माध्यम विद्यालय अल्फा इंगलिश मीडियम स्कूल ने अपना 35वा वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया । वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत सास्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विक्रम शाह मंडावी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर बच्चों का हौसला बढ़ाया । विधायक विक्रम मंडावी ने स्कूल के संस्थापक स्व चंद्रकला धरण को याद कर उनके योगदान को प्रेरणादायक बताकर नमन किया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नपा उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सल्लूर , जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल , पत्रकार मो अय्यूब खान,कमलेश पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहे । वार्षिक उत्सव समारोह के तहत प्रातः काल में आम सभा रखी गई थी जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावटिया मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूर्यकुमार बाजपेई , उपाध्यक्ष संजय लूंकड एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी उपस्थित रहे । साथ ही अन्य अतिथियों में आत्मानंद हिन्दी मीडियम के प्राचार्य प्रभाकर शर्मा , डा विकास गवैल बी एम ओ श्रीमती रामबती मांझी पार्षद , नगर के व्यापारी बैचेन प्रसाद सहित पालक गण उपस्थित रहे। शाला की प्राचार्य महोदया श्रीमती श्यामला नायर ने शाला के संस्थापक स्वर्गीय चंद्रकलाध्रन जी को स्मरण करते हुए शाला की वार्षिक गतिविधियों का पठन किया।

### बहुप्रतीक्षित राजिम जिला की मांग क्या भाजपा सरकार करेगी पूरी

# संत कवि पवन दीवान का सपना रह गया अधूरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,5 जनवरी ।** क्षेत्र में जिले की मांग दिन-ब-दिन बलवती होती जा रही है। बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए यहां के लोग कभी कांग्रेस सरकार पर भरोसा किया था, तो अब बीजेपी सरकार से उम्मीद लगा रखे हैं। यह नगरी भगवान विष्णु का है और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी विष्णु देव बने हुए हैं। माना जा रहा है कि कृपा जरूर होगी लेकिन कहां पर अटकी हुई है क्षेत्र वासियों को समझ नहीं आ रहा है।मांग करते-करते यहां के लोगों को 33 साल हो गए हैं। अभिभाजित मध्यप्रदेश के समय से राजिम जिला बनाने की मांग चली आ रही है। कब विश्वास हकीकत में बदलेगा समय ही बताएगा। एक जानकारी के मुताबिक जिला बनने की स्थिति में राजिम जिला 285 गांव को मिलाकर बनाया जा सकता है। इनमें फिंगेश्वर विकासखंड के 101 गांव, अभनपुर विकासखंड के 104 गांव, छुरा ब्लॉक के कम से कम 50 गांव तथा मगरलोड ब्लॉक के 30 गांव को सम्मिलित किया जा सकता है। चूंकि मगरलोड ब्लॉक के कम से कम 30 गांव नदी के उस पार अर्थात बिल्कुल सीमा से लगा हुआ है। जो बेलाही पुल, राजिम परसवानी चौबेबांधा पुल, सिरकट्टी पुल जोड़ने का काम करती है। इसी तरह से कोपरा के बाद पांडुका का इलाका छुरा विकासखंड के अंतर्गत आता है। यहां से 50 गांव लिया जा सकता है जो बिल्कुल राजिम में लेनदेन से लेकर अन्य प्रत्येक कार्यों के लिए जुड़ा हुआ है। छुरा विकासखंड में 158 गांव आते हैं। देश में हरियाणा राज्य का एक जिला पंचकूला है इस जिले में कुल 253 गांव आते हैं। सन् 1995 में जिले के रूप में इसे स्थापित किया गया था। राजिम जिले का स्वरूप यदि इतनी ही गांव को मिलाकर बनाया जाता है तो मुख्य रूप से अभनपुर तहसील, नवापारा तहसील, राजिम तहसील, फिंगेश्वर तहसील प्रमुख होंगे। इसमें कुल दो नगर पालिका परिषद, तीन नगर पंचायत तथा सैकड़ो ग्राम पंचायत होंगे।

**धर्म नगरी के नाम से राजिम की ख्याति पूरी दुनिया में**-धर्म नगरी के नाम से राजिम की ख्याति पूरी दुनिया में फैली हुई है। यहां देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में हमेशा दर्शन, पूजन, स्नान, अस्थि विसर्जन, पिंडदान इत्यादि कृत्य के लिए 12 महीना आते जाते रहते हैं। पूरी दुनिया में हरि और हर की नगरी के रूप में सिर्फ राजिम को जाना जाता है। यहां माता सीता के हाथों से स्थापित पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव त्रेता युग को इंगित करते हैं। भगवान विष्णु का राजीवलोचन स्वरूप सतयुग के जमाने से बताया जाता है। खुदाई से मिले अवशेष के आधार पर इस नगरी का अस्तित्व तीसरी चौथी शताब्दी माना गया है। इतने प्राचीन शहर को अभी तक मात्र अनुविभागीय मुख्यालय तक ही बनाया गया है। जबकि जिले की मांग वर्षो से हो रही है। लोगों का मानना है कि बहुत प्राचीन नगरी होने के नाम से इन्हें जिला तो कब का बन जाना चाहिए था परंतु विडंबना ही है जिसके कारण हर बार जिला बनाने के मामले में छला जाता है।

**संत कवि पवन दीवान का सपना रह गया अधूरा**-स्थानीय लोग मानकर चल रहे हैं कि राजिम को जिला नहीं बनने से संत कवि पवन दीवान का सपना अधूरा रह गया है। उन्होंने अपने जीवन काल में राजिम को जिला बनाने के लिए बहुत मेहनत किया। अविभाजित मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह, पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनते ही प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी तथा हर बार जिले की बात सत्ता की गलियारों तक पहुंचा ही जाते थे। पहली बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने अजीत जोगी ने तो नवापारा राजिम प्रवास पर कह ही दिया था कि जब भी नया जिला बनाया जाएगा राजिम नवापारा उसमें प्रमुख होगा। उसके बाद से लगातार 23 सालों में 17 नए जिले बन गए परंतु राजिम का क्रम नहीं आया। जिससे यहां के लोग अपने आप को छला महसूस कर रहे हैं।

**पंचकोशी धाम में लोगों की आगाध श्रद्धा**-पूरी दुनिया में पैदल पंचकोशीय यात्रा सिर्फ कमलक्षेत्र में ही किया जाता है। उत्तरप्रदेश में 84 कोसीय यात्रा का प्रचलन है। राजिम के पंचकोशी यात्रा में पांच - पांच कोस की दूरी पर स्थित पांच शिवलिंग पर श्रद्धालु पैदल पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं। इसमें पूरे छत्तीसगढ़ से लोग उपस्थित होते हैं और श्रद्धा भक्ति के साथ यात्रा को पूरी करते हैं। यह पंचकोशीय पीठ वर्तमान में तीन जिला में स्थित है। पटेवा की पटेश्वरनाथ महादेव, चंपारण में चंपकेश्वरनाथ महादेव दोनों शैव स्थल रायपुर जिला में है। बम्हनी के ब्रह्मकेश्वरनाथ महादेव महासमुंद जिला तथा फिंगेश्वर के फणिकेश्वरनाथ महादेव, कोपरा के कर्पूरेश्वरनाथ महादेव तथा कमलक्षेत्र के कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर गरियाबंद जिला में है। तीनों जिला में स्थित पंचकोशीय महादेव को राजिम जिला बनने की स्थिति में एक

# राजिम कुंभ मेला का आयोजन पहले की तरह भव्य तरीके से किया जाएगा:बृजमोहन अग्रवाल

■ 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थीको निःशुल्क पाठ्य पुस्तक देने का निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबन्द, 5 जनवरी ।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश हित में बड़े निर्णय लिए। इन निर्णयों में राजिम में कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने के साथ ही इसके साथ ही कक्षा 9वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में निःशुल्क सायकल तथा 12वीं तक पाठ्य पुस्तकों के निःशुल्क वितरण के भी निर्देश दिए। अग्रवाल ने राजिम कुंभ मेला की तैयारी के संबंध में जानकारी लेकर इसके आयोजन को भव्य बनाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही है। उन्होंने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि मेला को पर्यटन की तर्ज पर बढ़ावा मिल सके। उन्होंने पर्यटन के प्रचार-प्रसार और विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ में मैनपाट जैसे हिल स्टेशन वाले शहरों में शिमला, मनाली के तर्ज पर मॉलरोड बनाएंगे। सरगुजा के रामगढ़ और चैतुरगढ़ जैसे स्थानों का विकास हिल स्टेशन के रूप में करेंगे ताकि यहां राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभा सके। श्री अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पर्यटन स्थलों एवं मेले महोत्सवों के विकास पर विशेष ध्यान दें।

### 9 वीं कक्षा में सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क साइकिल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि अब 9वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता के सायकल निःशुल्क वितरित किए जाएंगे तथा स्कूलों में एयर-पम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भी देने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे हों। इस बैठक में मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के मेधावी छात्रों नियमित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पर प्रोत्साहन राशि 15 हजार रूपए से बढ़ा कर 25 हजार रूपए करने का निर्णय भी लिया गया।

## 1 माओवादी जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार



**बीजापुर, 5 जनवरी।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 04/01/2024 को थाना प्रभारी कुटरू के हमराह बल केतुलनार की ओर एरिया डॉमिनेशन एवं पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी ।थाना कुटरू के बल द्वारा केतुलनार के जंगल से 01 माओवादी जन मिलिशिया सदस्य ङ्क लिंगा कुंजाम(जन मिलिशिया सदस्य) पिता जोगा उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़मेरीपारा केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया । जो पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने की नीयत से दिनांक 28/11/2023 को दरभा कच्चे मार्ग पर ढ्ढश्वष्ठ लगाने की घटना में शामिल था । इसके अलावा थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11/01/2022 को केतुलनार गढमेरीपारा के ग्रामीण की हत्या एवं दिनांक 04/02/2023 को मंगापेटा के पास गिट्टी परिवहन कर रही हाईवा वाहन में आगजनी की घटना में शामिल था ।उक्त माओवादी की गिरुफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10000/- का ईनाम उद्घोषित किया गया था ।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

# जिले के अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे:अग्रवाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 5 जनवरी ।** गरियाबंद के नवनियुक्त जिलाधीश दीपक अग्रवाल 2016 बेच आज सुबह 10ः00 बजे गरियाबंद जिला कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। श्री अग्रवाल अब तक रायपुर राज भवन में उपसचिव के रूप में नियुक्त थे वही निर्वाचन आयोग में भी उपसचिव के रूप में नियुक्त रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरियाबंद बड़ा क्षेत्र है और उनकी प्राथमिकता होगी कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजना पहुंचे और लोग लाभहान्वित हो साथ ही उड़ीसा से आने वाले धन को लेकर उन्होंने कहा इस पर कड़ाई से रोक लगाया जाएगा और इसका परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है इस अवसर पर उनके साथ अपर कलेक्टर अविनाश भोई जिला पंचायत सीईओ रिता यादव अन्य एस.डी.एम एवं अधिकारी मौजूद थे । आज प्रातः 10ः00 बजे जिलाधीश नव नियुक्त जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने ज्वाइन किया इस औसर पर सभी अधिकारी उनके कक्ष में उपस्थित थे जिले की समुचित जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में धान का अवैध परिवहन नहीं होना चाहिए यह उनकी प्राथमिकता होगी। गरियाबंद बड़ा जिला है दूरस्थ अंचलो में ग्रामीण जन रहते हैं उन तक शासन की समुचित योजना पहुंचे और उनका समुचित लाभ ग्रामीण जनों को मिले यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी । इस अवसर पर उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि गरियाबान आदिवासी ब्लॉक है और काफी फैला हुआ क्षेत्र है और इसके अंतिम छोर तक व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रयास करेंगे कि वे अप्रत्याशित रूप से ग्रामीण क्षेत्र एकाएक दौरा कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और उसी के अनुरूप आगे का निर्देश हुए अधिकारियों को देंगे क्योंकि अप्रत्याशित डर से ही क्षेत्र की जमीनी हकीकत पता चलता है और उसके निराकरण में भी आसानी होती है जहां तक अवैध धान खरीदी के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में उड़ीसा से आने वाले धन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पूरी तरह से रोक लगाया जाएगा और इस पर मैंने एसडीम को निर्देश दे दिया है कि इस पर कड़ाई से अंकुश लगाया जाए। हीरा खदान के संबंध में उन्होंने कहा कि अभी अभी उन्होंने ज्वाइन किया है इस स्थितियों को समझ रहे हैं उनका प्रयास होगा कि हीरा खदान को लेकर जो बाते होगी उसका से जल्द निराकरण किया जाए। नक्सली क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा उनका प्रयास होगा कि वे इन समस्याओं को समझ कर समुचित जानकारी उच्च स्तर पर देकर इसकी इस समस्या को समाप्त करने के लिए वह प्रयास करेंगे।

## राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में जिले से 2 खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** 69 वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा हेतु जिले से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें महिला वर्ग से लक्ष्मी चंद्राकर और पुरुष वर्ग से मुरली सिंह राजपुरोहित शामिल है। वहीं महिला कोच के रूप में हर्षिता साहू का चयन किया गया है। स्पर्धा में जाने से पूर्व गुरुवार को खिलाड़ियों ने अधिकारी व सीनियर खिलाड़ियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग से मुलाकात की। श्रीमती महिलांग ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामाना की। उन्होंने खिलाड़ियों से उक्त स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर जिला, शहर और माता-पिता के साथ गुरुजनों का नाम रोशन करने की अपील करते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया। राष्ट्रीय 69 वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 6 से 10 जनवरी तक आयोजित है जिसमे भाग लेंगे। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन कोरबा जिले में आयोजित 23 वीं राज्य स्तरीय सीनियर बाल बैडमिंटन स्पर्धा में हुआ। उक्त स्पर्धा बीते 25 से 27 दिसंबर तक कोरबा जिले में संपन्न हुई।

## बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित

**बीजापुर, 5 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद कार्यालय भोपालपटनम में भोपालपटनम परियोजना के आंगनबाडी का एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियो को अनैतिक मानव व्यापार, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, सखी वन स्टाप सेंटर और बाल अधिकार और संरक्षण तंत्र की जानकारी जिसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उददेश्य, किशोर-किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह की हानियॉ बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुददे एवं समाधान, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोडे जाने पर एवं बच्चा गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दिया गया। साथ ही बालिकाओं से अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर होने वाली ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित होवे और इन सभी मुददों पर चर्चा करें। तभी हम ग्राम पंचायत को बाल सुलभ पंचायत बना सकते हैं, और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। आप सभी की जिम्मेंदारी है कि हमारे आस-पास में ऐसे कोई भी बालिका न हो जो की स्कूल से वंचित हो, बालिका शिक्षा से वंचित होने की दशा में अपने अधिकारों से भी वंचित हो जायेंगे, इस कारण से शोषण का स्तर बढ जायेगा, अज्ञानता के कारण किशोरियों के द्वारा अपनी बात भी नहीं रख पायेंगे, कि महिलाओं, किशोरियों के साथ होने वाले अत्याचार को कहॉ पर बताये और दर्ज कराये इस कारण से महिला उत्पीडन संबंधी समस्त अधिकारो की जानकारी होनी चाहिए, साथ ही महिला हेल्प लाईन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई से श्री नवीन मिश्रा (संस्थागत अधिकारी) एवं नवा विहान से श्रीमती शीला भारद्वाज (जिला महिला संरक्षण अधिकारी) द्वारा जानकारी दिया गया।



# भारत सरकार के संयुक्त सचिव शाह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का लिया जायजा


**महासमुंद।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमिताभ कुमार शाह दो दिवसीय दौरे पर महासमुंद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर हितग्राहियों से रूबरू होकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने शिविरों में लगे स्टॉल का अवलोकन करते विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की। शाह बुधवार को महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलटुकरी, अछोला तथा गुरुवार को बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लमकेनी में आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं जनपद सीईओ मिषा कोशले मौजूद थे।शाह ने शिविर में मोदी की गारंटी वाली प्रचार रथ का भी अवलोकन किया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बताया कि जिले में निर्धारित रूट के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जो आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। शिविरों में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को फॉर्म भरवाए जा रहे हैं एवं उसका लाभ दिलाया जा रहा है। इसी तरह आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी शिविर के दौरान ही बनाए जा रहे हैं। शाह ने स्टॉल अवलोकन के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा भी की। ग्राम लमकेनी में उड़ान महिला समूह के मानमोती से चर्चा की और उनके बैंक लिंकेज, लाभ, उत्पादन आदि की विस्तार से जानकारी ली। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत समूह की मानमोती ने बताया कि उन्हें प्रतिमाह लगभग 12 से 15 हजार रुपए की आमदनी होती है। बैंक से उन्हें एक लाख रुपए का ऋण भी मिला है। इसी तरह ग्राम बेलटुकरी में डेरहिन कोशले ने बताया कि उनको पहले डिलिवरी के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ा लेकिन आयुष्मान कार्ड के कारण इलाज हो गया। इससे मुझे बहुत सहायता मिली। इसी तरह महिला समूह के ज्ञान बाई ने बताया कि उनका समूह 3 लाख लोन लेकर टेंट, सब्जी बाड़ी का अपना काम शुरू किया। आज वे स्वावलंबी है। उषाबाई ने बताया कि जब से उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस मिला है तब से जल्दी खाना बन जाता है। अब धुएं से मुक्ति मिली। इसी तरह उन्होंने ग्राम कनेकेरा व अछोला में भी हितग्राहियों से चर्चा की। श्री शाह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी शिविर के संबंध में जानकारी ली।

### विशेष पिछड़ी जनजातियों को पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने 21 शिविर आयोजित

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु अभी तक जिले में 21 शिविरों का आयोजन किया गया है।जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 03 जनवरी को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम खड़सा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पीढ़ी, मोहकम, अचानकपुर, बासकुड़ा एवं जलकी के कमार बसाहटों में शिविर का आयोजन किया गया। खरसा के शिविर में 43 आधार कार्ड, 76 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत विशेष टीबी और सिकल सेल परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण 71 कमारों का किया गया। जनधन खाता हेतु 08, राशन कार्ड के लिए 03, उज्ज्वला गैस के लिए 29, सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 02 बैंक खातों के लिए पंजीयन किया गया। इस तरह यहां लगभग 130 कमारों को लाभ मिला। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभी तक 21 शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें 192 आधार कार्ड और 382 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 35 किसानों का पंजीयन किया गया। 29 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत 77 नए बैंक खाते के लिए फॉर्म भराए गए। 59 जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। मौके पर ही 144 कमार परिवारों को राशन कार्ड दिए गए। उन्होंने बताया कि इन कैम्पों में लगभग 1700 से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राही शामिल हुए।विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है।

## निर्मल आँगन कार्यक्रम के पहले चरण की सफल शुरुआत

**बीजापुर, 5 जनवरी**निर्मल आँगन कार्यक्रम का पहला चरण 1 जनवरी, 2024 को कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के नेतृत्व में आरंभ हुआ।



आज, 4 जनवरी, को महत्वपूर्ण ब्लॉक स्तर के कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी फेलो और स्वयंसेवकों द्वारा आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इस कार्यशाला ने महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर और स्वयंसेवकों के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को महत्वपूर्ण तकनीकी ज्ञान प्रदान करते हुए, उन्हें ब्लॉक से ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर तक कार्यक्रम के बारे में मार्गदर्शन किया गया । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा चर्चाओं में सक्रिय रूप से शामिल होकर, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के एक वातावरण को प्रोत्साहित किया गया।कार्यशाला में रचनात्मक चित्रण और साफ और व्यवस्थित आंगनबाड़ियों बनाने के लिए व्यापक प्रशिक्षण की सत्र शामिल की गई थीं। कार्यशाला में स्वामित्व की भावना को बढ़ावा दिया गया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।निर्मल आँगन कार्यक्रम ने उत्साह और समर्पण को बढ़ावा देने हेतु महत्वपूर्ण कदम है, जिससे हमारे समाज में ÷स्वच्छता से शिक्षा÷ के उत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता हैं कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन से गाँधी फेलो पीएल मांशु शुक्ला, जिला समन्वयक धृति शर्मा, अरुण कुमार भूमिका,प्राची,निहाल, तथा रौशनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जन सेवा संस्थान बीजापुर के स्वयंसेवक , 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुशासन के लिए मोदी की गारंटी पर कर रहे काम:विष्णु देव साय

## युवाओं के लिए अवसर बढ़ाने ब्लाकवार आईटीआई आरंभ करने और नये ट्रेड आरंभ करेंगे

**खेलों को बढ़ाने करेंगे काम, पहाड़ी कोरवा अच्छी तीरंदाजी करते हैं वहां आर्चरी एकेडमी बनाने करेंगे काम**

**रायपुर, 5 जनवरी।** प्रादेशिक समाचार एकांश दूरदर्शन केंद्र रायपुर के कार्यक्रम चर्चा में के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के संबंध में चर्चा की। साक्षात्कार के दौरान सुशासन पर प्रदेश में हो रहे काम के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के दूसरे ही दिन पहले कैबिनेट में 18 लाख लोगों के लिए आवास बनाने का निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन अटल जी की जयंती के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बोनस दिया। आदिवासियों के लिए प्राथमिकताएं भी मुख्यमंत्री ने बताईं। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। इस मंत्रालय को पर्याप्त बजट दिया ताकि आदिवासी क्षेत्रों का बेहतर विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत महतारी वंदन योजना हम लाये हैं एक साल में हम इसके अंतर्गत 12 हजार रुपए देंगे। इसके लिए तीन दिनों के विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट में धन की व्यवस्था कर ली गई है। जल्द ही यह योजना लागू हो जाएगी।



सार्वजनिक जीवन में कैसे आये। इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि आजादी के बाद सीपी बरार राज्य का गठन हुआ था जिसकी राजधानी नागपुर में थी। इस समय हमारे दादा मनोनीत विधायक थे। बड़े पिता जी भी तपकरा से विधायक रहे। परिवार के एक सदस्य श्री नरहरि प्रसाद साय, श्री मोरारजी देसाई सरकार में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री रहे।

दस साल के थे तो पिता जी का साया उठ गया। उस समय नहीं सोचा था कि सार्वजनिक जीवन में आयेंगे। यह जरूर सोचा था कि अच्छे किसान बनेंगे। स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी से काफी मार्गदर्शन लिया। वे आदर्श थे। उन्हें 25 बरसों में कभी नाराज होते नहीं देखा, मैंने उनसे विनम्रता का गुण सीखा है। बालकृष्ण शर्मा भी मेरे आदर्श रहे, लोग उन्हें देवकी महाराज के नाम से जानते थे। वे स्वर्गीय श्री जूदेव जी के गुरु रहे। युवाओं के लिए आप क्या करने जा रहे हैं। इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। जब मैं सांसद था तब पहली बार भारत सरकार में कौशल विकास मंत्रालय का गठन हुआ और युवाओं के कौशल विकास का काम शुरू हुआ ताकि युवाओं के लिए नये अवसर पैदा हो सके। ब्लाकवार आईटीआई को मजबूत करेंगे और नये ट्रेड शुरू करेंगे। मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने कहा है कि एक लाख पदों पर भर्ती करेंगे। पीएससी 2021 की परीक्षा की जांच का निर्णय लिया गया है।

बीते वर्षों में लाई गई योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यदि ये योजनाएं छत्तीसगढ़ के हित में हों तो इन्हें बढ़ाएंगे। जशपुर को सुंदर बनाने के लिए क्या योजना है इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां पर पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। यहां ऐसे जंगल है कि भीतर सूरज की रौशनी नहीं पहुंच पाती, बहुत अच्छे जलप्रपात है। इसके लिए हमने कलेक्टर जशपुर को निर्देशित किया है कि जशपुर में पर्यटन संबंधित अन्य गतिविधियों के विकास के लिए रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने यहां के सर्वांगीण विकास के लिए किया है। आज ही हमने राज्य योजना आयोग की बैठक ली है। इसमें हमने प्रदेश के संतुलित विकास के लिए योजनाएं बनाने का निर्णय लिया है। आदिवासी क्षेत्रों में हम आईटीआई बढ़ाएंगे। यहां मत्स्यपालन बढ़ाएंगे। वनोपज संवर्धन के अवसर बढ़ाएंगे, इस पर आज विस्तार से चर्चा योजना आयोग की बैठक में हुई है। हमारी मंत्रिमंडल की टीम बहुत अच्छी बनी है और इस टीम के माध्यम से हम प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

खेलकूद को लेकर अपनी सोच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य करती है। हमारे यहां बहुत अच्छा स्टेडियम है। कल सौरव गांगुली आये थे, उन्होंने भी इसकी बहुत तारीफ की। पहाड़ी कोरवा तीरंदाजी बहुत अच्छा करते हैं। यहां आर्चरी एकेडमी बनाने की दिशा में काम करेंगे। उद्योग जगत के बारे में अपनी सोच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां खनिज संसाधन बहुत हैं। इसके दोहन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर करने की दिशा में काम करेंगे। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री की सोच है कि देश की अर्थव्यवस्था 2047 तक पांच ट्रिलियन तक हो जाए। इसके लिए छत्तीसगढ़ भी बहुत तेजी से काम करेगा।

## एक नजर

### नए कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**छुरा 5 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज यहाँ जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। 2016 बैच के आईएएस श्री दीपक कुमार अग्रवाल गरियाबंद जिले के 12वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर श्री अग्रवाल का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। साथ ही जिले में चल रहे कार्यों की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर श्री अग्रवाल इससे पहले राजभवन और राज्य निर्वाचन आयोग में उपसचिव के रूप में पदस्थ रह चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### जिला साहू संघ की बैठक में 7 जनवरी को राजिम जयंती मनाने की गई चर्चा



**बलौदाबाजार 5 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । राकी साहू.7 जनवरी को राजिम में होने वाले भक्तिन माता राजीम जयंती मनाने जिला साहू संघ बलौदा बाजार में बैठक सम्पन्न हुआ वही बैठक में प्रमुख रूप से निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मोहन कुमारी साहू उपाध्यक्ष कांति साहू उपस्थित रहे बैठक का शुभारंभ मां कर्मा माता के चित्र पर पूजा अर्चना करने पश्चात किया गया वही बैठक में आए प्रदेश प्रतिनिधियों ने राजीम जयंती को भव्य रूप से मनाने अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किए प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी भक्तिन माता राजिम जी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने जिला के सभी गांवो में समाज के प्रत्येक व्यक्ति पुरुष एवं महिलाएं सभी तक निमंत्रण पहुचाने व राजिम में जाने हेतु वाहन एवं वहां पहुंचने पर पार्किंग अथवा भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था आदि विभिन्न जानकारियां प्रदान कर विस्तृत चर्चाएं की इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मोहन कुमारी साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष कांति साहू, रायपुर संभाग आईटी प्रकोष्ठ से निर्वाचित नगर साहू समाज भाटापारा श्रीमती सती साहू संगठन सचिव, कमल साहू संयुक्त सचिव का जिला साहू संघ द्वारा पुष्प एवं श्रीफल से सम्मान किया गया इस अवसर पर बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष सुनील साहू सहित जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार,5 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने खेल और राजस्व विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खेल प्रतिभागियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास,इसकी गतिविधियों और उपलब्ध खेल संस्थानों की जानकारी ली। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य के सभी खेल मैदानों का समतलीकरण के साथ-साथ मैदानों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। ग्रामीण स्तर पर बने खेल क्लबों का पंजीयन करने के निर्देश उन्होंने दिये। इन खेल क्लबों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दिया जा सकेगा। खेल विभाग के बजट की जानकारी लेकर खेल गतिविधियों श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। इस मौके पर विभागीय सचिव श्री भुवनेश यादव, विशेष सचिव श्री रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, खेल विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एनडीआरएफ ने बाढ़ से बचाव का किया अभ्यास जलाशय में

**बलौदाबाजार 5 जनवरी।** द्वितीय कमान अधिकारी, तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुंडली द्वारा बाढ़ बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉक अभ्यास गुरुवार को पलारी विकासखण्ड स्थित बालसमुंद जलाशय में किया गया। पिकनिक मनाने के दौरान अचानक बाढ़ आने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के परिदृश्य का अभ्यास किया गया। एनडीआरएफ द्वारा बालसमुंद जलाशय में जीवन बचाने के अभ्यास के क्रम में कुछ लोग पिकनिक मनाने गए हुए थे और वे जलाशय में डूबने लगे। इसके बाद एनडीआरएफ को सूचना दी गई, जहां एनडीआरएफ की टीम अपने नाव लेकर जलाशय के बीच में पहुंची और डूबते हुए लोगों को वहां से बचाकर लाया गया। इसके बाद पीड़ित लोगों को राहत व प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री मिथलेश डोंण्डे ने कहा कि एनडीआरएफ के साथ सामंजस्य बना कर काम करना है। विपरीत परिस्थितियों में उनके साथ मिलकर कैसे आपदा में फंसे लोगों की मदद करनी है, इसके लिए यहां पर मॉक ड्रिल और बचाव राहत संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एनडीआरएफ द्वारा अपने किए हुए कार्यों का प्रदर्शन किया गया जिससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिल रहा है।एनडीआरएफ के कमांडर पवन जोशी ने बताया कि आधा देश प्राकृतिक आपदा से पीड़ित रहता है तब एनडीआरएफ की टीम जान जोखिम में डालकर पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी उनकी एक यूनिट काम कर रही है। स्थानीय प्रशासन से संबंधित टीम मिलकर कार्य कर रही है और पूरे देश में एनडीआरएफ हमेशा प्राकृतिक आपदा के समय अडिग रहती है। इस दौरान राजस्व, पुलिस , नगर सेना, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाध विभाग के अधिकारी तथा जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी एवं आम नागरिक मौजूद थे।



# दुष्कर्म के आरोपी पर कार्रवाई, न्यायिक रिमांड में भेजा गया

**बलौदाबाजार 5 जनवरी।** जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 708/2022 धारा 363, 366 क, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थीया दिनांक 01.09.2022 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीड़िता उम्र 17 साल 04 माह दिनांक 30.08.2022 के दोपहर 3.30 बजे घर से बिना बताये कही चली है, घर वापस नही आयी है, कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 96/2022 एवं अपराध क्र. 708 / 2022 धारा 363 भादस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कामय कर विवेचना में लिया गया।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग
### जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर
E-Mail:-zoneonebhilai@gmail.com

क्र./जोन-1/जोन.आयु./2024/1773/364A दिनांक 03/01/2024

### //निविदा संशोधन सूचना//

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदा सूचना विज्ञापन क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2023/22/364 भिलाई दिनांक 04.10.2023 को जारी कर दैनिक समाचार पत्र तरूण छ.ग. एवं नवप्रदेश में दिनांक 07.10.2023 को प्रकाशन कर दिनांक 20.10.2023 को आवेदन तिथि निर्धारित किया गया था। किंतु दिनांक 09.10.2023 को आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण निविदा स्थगित किया गया था।

अतः निविदा के सरल क्रमांक 02, 03 एवं 04 के तिथि में आंशिक संशोधन करते निम्नानुसार किया गया हैः-

| क्र. | विवरण | वर्तमान तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा हेतु आवेदन तिथि | 09.01.2024 |
| 2 | निविदा पहुंचने की अंतिम तिथि | 16.01.2024 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 17.01.2024 |

शेष निविदा के नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**जोन आयुक्त**
(जोन क्रमांक-01)
नगर पालिक निगम
भिलाई



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग
### जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर
E-Mail:-zoneonebhilai@gmail.com

क्र./जोन-1/जोन.आयु./2023/1775/338A दिनांक 03/01/2024

### //निविदा संशोधन सूचना//

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदा सूचना विज्ञापन क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2023/1130/338 भिलाई दिनांक 25.09.2023 को जारी कर दैनिक समाचार पत्र तरूण छ.ग. में दिनांक 28.09.2023 एवं महाकौशल में दिनांक 29.09.2023 को प्रकाशन कर दिनांक 10.10.2023 को आवेदन तिथि निर्धारित किया गया था। किंतु दिनांक 09.10.2023 को आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण निविदा स्थगित किया गया था।

अतः निविदा प्रकाश में आंशिक संशोधन करते हुए तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया गया हैः-

| क्र. | विवरण | वर्तमान तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा हेतु आवेदन तिथि | 09.01.2024 |
| 2 | निविदा पहुंचने की अंतिम तिथि | 16.01.2024 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 17.01.2024 |

शेष निविदा के नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**जोन आयुक्त**
(जोन क्रमांक-01)
नगर पालिक निगम
भिलाई



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
### जोन क्र.-5

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 1486/जोन क्र. 5/लो.क.वि./2024, रायपुर, दिनांक 03.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक **29.01.24** तक को **4:00** बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक **15.01.24** तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक **22.01.24** तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक **29.01.24** को सायं **05:00** बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की की अवधि | एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40, जोन क्र. 5, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सामुदायिक भवन में, ईदगाहभाठा मस्लिम मोहल्ला (विधायक निधि) | 2.50 | 3750/- | 750/- | 4 माह | As per S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 2 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40, जोन क्र. 5, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सामुदायिक भवन में, आर.डी. तिवारी स्कूल के बाजू, आमापारा (विधायक निधि) | 2.00 | 3000/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 3 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40, जोन क्र. 5, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सामुदायिक भवन में, कृष्णा नगर डंगनिया (विधायक निधि) | 3.00 | 4500/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 4 | डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, जोन क्र. 05, सामुदायिक भवन सह शौचालय निर्माण, मटकोड़वा पारा, सामुदायिक भवन के सामने बस्ती, चंगोराभाठा। (विधायक निधि) तृतीय निविदा | 7.00 | 7500/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 5 | वामनराव लाखे वार्ड क्र.66, जोन क्र. 5, सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष, के बाजू (भक्तमाता कर्मा सामुदायिक भवन के पास) कुशालपुर (विधायक निधि) चतुर्थ निविदा | 8.00 | 8000/- | 750/- | 6 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 6 | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, जोन क्र. 05, सामुदायिक भवन के ऊपर कक्ष निर्माण, सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (विधायक निधि) चतुर्थ निविदा | 5.00 | 75000/- | 750/- | 4 माह | As per S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 7 | वामनराव लाखे वार्ड क. 66, जोन क्र. 5, बुढ़ादेव सामुदायिक भवन के बाजू, कक्ष एवं शौचालय निर्माण, कुशालपुर, बाजार चौक, पानी टंकी के पास कार्य। (विधायक निधि) द्वितीय निविदा | 5.00 | 7500/- | 750/- | 6 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 8 | वामनराव लाखे वार्ड क. 66, अंतर्गत बाजार चौक (साहू पारा कुशालपुर) में साहूपारा के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। (विधायक निधि) द्वितीय निविदा | 5.00 | 7500/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 9 | भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67, जोन क्र. 05, शिव नगर सामुदायिक भवन झंडा चौक में शौचालय निर्माण। (विधायक निधि) द्वितीय निविदा | 2.00 | 3000/- | 300/- | 3 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |

**शर्तें**
1. निविदि के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह-जनवरी 2024

पृ.क्र./3323/रा.वि./मु.न.अ./2023 भाटापारा, दिनांक-04/01/2024

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पी.आई.सी. की बैठक दिनांक............ के विषय क्र. ............ के अनुसार नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के तहत अगर कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री दिनेश कुमार भगवानी पिता कन्हैया लाल भगवानी निवासी सिंधी कॉलोनी, जराहभाठा बिलासपुर | श्रीमती सुशीला साहू पति जीवन लाल साहू निवासी ग्राम अर्जुनी, बलौदाबाजार | गुरुनानक वार्ड | ख.नं. 106/101 क्षे.0.0090 हे./ 900 व.फी. खुला भूखंड | बैनामा |
| 2 | श्रीमती कमलेश जैन पति स्व. संजय जैन निवासी महासती मंदिर के पास भाटापारा | श्री वेदप्रकाश कामनानी पिता सेउमल कामनानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 8 भू.क्र. 109/1 क्षे. 1254 व.फी. में से 699 व.फी. खुली भूमि | बैनामा |
| 3 | श्रीमती कमलेश जैन पति स्व. संजय जैन निवासी महासती मंदिर के पास भाटापारा | श्री वेदप्रकाश कामनानी पिता सेउमल कामनानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 8 भू.क्र. 109/1 का एवं 108/1 का टु. क्षे. क्रमशः 1254 व.फी. में से 555 व.फी. एवं 135 व.फी. खुली भूमि | बैनामा |
| 4 | श्री सुकदेव यदु पिता रामकुमार यदु निवासी रामसागरपारा वार्ड भाटापारा | श्री संकेत अग्रवाल पिता अनिल अग्रवाल निवासी ग्राम गुड़ेलिया, भाटापारा | श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 15001/29 का टु. क्षे. 0.0366 हे. में से 1980 व.फी. खुला प्लाट आवासीय | बैनामा |
| 5 | श्रीमती वैशाली माने पति सुरेश माने निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा | श्री चंद्रभान सलाम पिता स्व. शत्रुहन सिंह सलाम निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा | सुभाष वार्ड | ख.नं. 846/90 क्षे. 0.0090 हे./ 1006 व.फी. आवासीय कच्चा मकान | बैनामा |
| 6 | श्री नवीनचंद जीवनमल पिता स्व. प्रेमचंद जीवनमल निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा | श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता पिता केदारनाथ गुप्ता निवासी के.के. वार्ड भाटापारा | के.के. वार्ड | ख.नं. 259/2 का टु. क्षे. 0.1200 हे. में से 3576 व.फी. व्यपवर्तित भूमि | बैनामा |
| 7 | श्री नवीनचंद जीवनमल पिता स्व. प्रेमचंद जीवनमल निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा | श्रीमती श्वेता गुप्ता पति अमरनाथ गुप्ता निवासी के.के. वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री अमरनाथ गुप्ता पिता केदारनाथ गुप्ता | के.के. वार्ड | ख.न. 259/1 का टु. एवं 259/2 का टु. क्षे. क्रमशः 0.0500 हे. में से 990 व.फी. एवं 0.0870 हे. में से 4729 व.फी. कुल ख.नं. 02 कुल क्षे. 5719 व.फी. व्यपवर्तित भूमि | बैनामा |
| 8 | श्री नंदलाल घिंडवानी एवं अन्य 04 पिता बेढामल घिंडवानी वगैरह निवासी महासती वार्ड भाटापारा | श्रीमती सुषमा घिंडवानी पति रमेश घिंडवानी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 8, भू.क्रं. 69/8 का टु. क्षे. 2090 व.फी. में से 1350 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 9 | श्री नरेन्द्र कुमार भोजवानी पिता स्व. ईश्वरदास भोजवानी निवासी सदर वार्ड भाटापारा | श्रीमती लता पति दानेश्वर वर्मा निवासी 80/के.तारपारा ग्राम दावनबोड़, सिमगा | गुरूनानक वार्ड | ख.नं. 142/1 का टु. क्षे. 0.1110 हे. में से 1600 व.फी. खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 10 | वसुंधरा ग्रुप भागीदारी संस्था श्री संदीप गोयल पिता गोपाल प्रसाद गोयल, श्री जयकिशन शर्मा पिता रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा | श्री जगदीश निर्मलकर पिता प्यारेलाल निर्मलकर निवासी महामाई वार्ड, तिल्दा-नेवरा, रायपुर | के.के. वार्ड | ख.नं. 15002/51 का टु. क्षे. 0.0751 हे. में से 812 व.फी. खुला भूखंड आवासीय | बैनामा |
| 11 | वसुंधरा ग्रुप भागीदारी संस्था श्री संदीप गोयल पिता गोपाल प्रसाद गोयल, श्री जयकिशन शर्मा पिता रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम. श्री विपिन कुमार पुरोहित पिता चांदरतन पुरोहित | श्रीमती सुनीता सेठी पति कमल किशोर सेठी निवासी सदर वार्ड भाटापारा | के.के. वार्ड | ख.नं. 15002/1 का टु. क्षे. 1.2942 हे. में से 1500 व.फी. खुला भूखंड आवासीय | बैनामा |
| 12 | नजीम एवं समीम खान पिता अजीम खान निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | अमीन खान पिता अजीम खान निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा | भगतसिंह वार्ड | शीट क्र. 11डी भू.क्र. 53/1 क्षे. 58 व.मी. आवासीय कच्चा मकान | विभाजन पत्र |
| 13 | श्री कृष्णा वर्मा पिता टोमेश्वर वर्मा निवासी बाजार चौक कड़ार, भाटापारा | श्री हरिशचंद्र साहू पिता तिरीथराम साहू निवासी ग्राम तरेंगा, भाटापारा | गुरूनानक वार्ड | ख.नं. 12/28 क्षे. 0.0110 हे. 1161 व.फी. आवासीय पक्का मकान | बैनामा |
| 14 | श्रीमती जानकी बाई साहू पति लखन लाल साहू निवासी महावीर वार्ड भाटापारा | श्रीमती कुंती बाई साहू, पिता लखनलाल साहू निवासी महावीर वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 684/9 का टु. क्षे. 0.0100 हे. में से 484 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | दानपत्र |
| 15 | नरेन्द्र कुमार भोजवानी पिता ईश्वरदास भोजवानी निवासी सदर वार्ड भाटापारा | श्रीमती संतोषी कौशल पति दीपक कौशल निवासी गुरूनानक वार्ड भाटापारा | गुरूनानक वार्ड | ख.नं. 141/2 का टु. क्षे. 0.3449 हे. में से 1200 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, भाटापारा**

## एक नजर

### वन मंत्री केदार कश्यप ने ली आईडीसी की बैठक

**रायपुर, 5 जनवरी।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में आईडीसी की बैठक ली। मंत्री केदार कश्यप को अधिकारियों ने वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की 293वीं आयोजित बैठक में वनोपज के संग्रहण, विपणन, विभागीय वित्तीय बजट की अद्यतन स्थिति और निविदा प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव सहित प्रधान मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय और सचिव वन अनिल साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर, 5 जनवरी।** मंत्रालय एवं अन्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर करीब आधा दर्जन लोगों से 12 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया नंदनी धीवर 29 वर्ष बजरंग चौक मठपुरैना की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी उत्तम नेताम एवं पिंकी कौर ने प्रार्थिया व अन्य नीलकंठ, ईशा देवांगन, घनश्याम, मिनाक्षी व सुरेखा सोरी को मंत्रालय एवं अन्य विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 12 लाख रुपए ऐंठ लिया। जब प्रार्थिया व अन्य लोगों को ठगे जाने का एहसास हुआ, तो इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फैक्ट्री के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 जनवरी।** उरला स्थित ईश्वर इस्पात कंपनी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल कुमार गुप्ता 50 वर्ष शक्तिपारा उरकुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजेड 6650 को उरला स्थित ईश्वर इस्पात कंपनी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फायनेंस कर्मचारी से मारपीट

**रायपुर, 5 जनवरी ।** वीआईपी चौक स्थित करेंसी टावर के पास फायनेंस कंपनी के कर्मचारी से गाली-गलौज कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विवेक तिवारी 48 वर्ष गोल चौक रोहणीपुरम का रहने वाला है। प्रार्थी फायनेंस कंपनी में काम करता है। बताया जाता है कि आरोपिया पिंकी ठाकुर ने ट्रक फायनेंस कराया था, जिसकी किस्त नहीं पटाने पर प्रार्थी ने ट्रक को उठाकर ले आया। जिससे आरोपिया ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 5 जनवरी ।** भाठागांव स्थित विनायक सिटी के पास स्थित मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयप्रकाश प्रधान 50 वर्ष विनायक सिटी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर का दीवाल फांदकर अंदर प्रवेश किया और एसी केबल, मोटर पंप व केबल वायर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

**रायपुर, 5 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने रावतपुरा कालोनी में सरेआम शराब पीते आरोपी कोमल चंद देवांगन 30 वर्ष व अश्वनी देवांगन 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी हेमंत कुमार साहू 65 वर्ष एवं अभनपुर पुलिस ने आरोपी सुदर्शन टंडन 32 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दिनेश निषाद 29 वर्ष व भादूराम साहू 70 वर्ष एवं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अनील सागर 23 वर्ष व रवि चक्रधारी 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### लाखे स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम 6 को

**रायपुर 5 जनवरी।** श्री वामनराव लाखे शाला हीरापुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे शाला प्रांगण तेंदुआ रोड यदुवंशी चौक में किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत होंगे। अध्यक्षता अजय तिवारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरके गुप्ता मौजूद रहेंगे।

# सरकारी संपत्ति आपकी अपनी है

## पूर्व मंत्री डहरिया सहित अन्य माननीयों के बंगलों से सामान पार

**रायपुर 5 जनवरी।** 'सरकारी संपत्ति आपकी अपनी है' यह स्लोगन कभी केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने दी थी। इस स्लोगन का आदर के साथ अक्षरशः पालन पूर्व मंत्री शिव डहरिया के बंगले में न जाने किसने कर दी है। सिर्फ डहरिया ही नहीं कुछ अन्य पूर्व मंत्रियों के बंगलों में भी हाथ की सफाई की गई है। ज्ञात हो कि वर्तमान में भाजपा सरकार के पूर्व राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। यहां यह बताना भी लाजिमी होगा कि सरकारी संपत्ति आपकी अपनी है स्लोगन का मतलब सरकारी संपत्ति की सुरक्षा करने से था। बहरहाल शिव डहरिया जहां रहते थे उस सरकारी बंगले से बड़े पैमाने पर चोरी हुई हैं। अति स,ुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित बंगले से कोई सामान्य तो क्या पेशेवर साहसी चोर भी चोरी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगा। इसका मतलब साफ है कि सरकारी संपत्ति को अपनी मानकर जानबूझकर किसी ने सामान पार किए हैं। डहरिया के बंगले से लाखों के सामान पार किए गए हैं। इनमें वातानुकूलित सिस्टम, फैंसी व डेकोरेटिव ट्री व पोल, फाल सीलिंग में लगी आकर्षक लाइटें, नल की टोटियां, सिंक, वाशबेसिन, माड्यूलर किचन उखाड़ ले गए हैं। और तो और सामने का महंगा दरवाजा पार कर दिया गया है। जीम के सामानों को भी खोदकर निकाल लिया गया है। सारे सामान महंगे व ब्रांडेड कंपनियों के लगाए गए थे। बंगले की हालत देखकर जाहिर होता हे कि यह किसी चोर का काम नहीं है। क्योंकि सामानों को उखाड़ने निकालने का काम एक दिन में नहीं हुआ होगा। बंगले का ऐसा एक भी कमरा नहीं है जहां से सामान गायब नहीं हुए होंगे। बंगले में तीन से चार बड़ी साइज के स्मार्ट टीवी लगे थे, सभी गायब हैं। रसोई से चिमनी, वाटर फिल्टर, बिजली के खंभे, टेलीफोन के तार, कांच के दरवाजे आदि गायब हैं। और तो और शंकर नगर स्थित इस सी टू बंगले से टेलीफोन तार को भी काटकर ले गए हैं। मंत्री श्याम बिहारी अग्रवाल का कहना है कि इतिहास में ऐसा दुर्भाग्यजनक कृत्य नहीं किया गया है। पूर्व मंत्री के बंगला खाली करने के साथ ही सामान गायब हो गए हैं। यह जांच का विषय है। यह संपत्ति सरकार की थी। लोक निर्माण विभाग ने ये सारे सामान उपलब्ध कराए थे। खबर यह है कि सारे सामान 407 वाहन मेटाडोर व ट्रैक्टर में भरकर ले जाया गया है। सवाल यह है कि डहरिया ने बंगला खाली करने के बाद पीडब्ल्यूडी को हैंडओव्हर किया होगा तो क्या अधिकारियों ने बंगले का निरीक्षण किया था। इस पूरे प्रकरण में डहरिया का कहना है कि बंगले में मेरे अपने सामान लगे हुए थे मैं उन्हीं सामानों को ले गया हूं। डहरिया ने कहा कि मंत्री जायसवाल माफी मांगें नहीं तो मैं मानहानि का मुकदमा दायर करूंगा।

# धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

## किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 5 जनवरी।** प्रदेश में धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी को बढ़ाने की मांग किसानों ने की है। किसानों के अनुसार बायोमेट्रिक सिस्टम लागू होने के बाद 2000 कट्टे ही खरीदे जा रहे हैं जिससे टोकन विलंब से मिल रहा है। किसान नेताओं के अनुसार राज्य में धान खरीदी के वक्त बेमौसम वर्षा होने के कारण धान में नमी आ गई थी। सहकारी समितियों में धान खरीदी को लेकर काफी विलंब हुआ है। धान खरीदी एक सप्ताह से अधिक समय तक रोक दी गई थी। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पश्चात बायोमेट्रिक सिस्टम से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नए नियम के अनुसार अब 40 किलो के 2000 कट्टे ही प्रत्येक सहकारी समिति में खरीदे जा रहे हैं जिसके कारण अब धान खरीदी में काफी विलंब हो रहा है। एक सहकारी समिति में 6 से लेकर 10 गांव तक आते हैं। इन किसानों को काफी परेशानी हो रही है। किसान नेताओं ने मांग की है कि अभी तक सिर्फ 70 लाख मीट्रिक टन ही खरीदा गया है इसलिए धान खरीदी की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए। राज्य में धान खरीदी के लिए नोडल एजेंसी मार्कफेड है। धान खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। इसका पैसा खाद्य विभाग द्वारा दिया जाता है। खाद्य विभाग ही अब इसका अंतिम निर्णय लेगा। राज्य शासन अपने विशेषाधिकार के तहत खरीदी तिथि 15 दिन और बढ़ा सकता है। कृषि मंडी बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार राज्य में सहकारी समितियां धान खरीद रहीं हैं लेकिन गैर पंजीकृत किसानों का धान मंडी में खरीदा जा रहा है। इस वर्ष धान की कीमत वाजिब मिल रही है। इसलिए किसान यहां पर धान बेचने आ रहे हैं। नियमानुसार 5 प्रतिशत टैक्स काटा जाता है। भाटापारा, धमतरी, राजनांदगांव, चांपा-जांजगीर तथा रायगढ़ जिले में धान खरीदी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार जिन जिलों में बंपर पैदावार हो रही है वहां के किसान ही मंडी में आते हैं। सहकारी समितियों में पंजीयन कराने वाले किसान सहकारी समितियों में धान बेचते हैं। किसान नेता अशोक बजाज, राजू शर्मा एवं प्रमोद साहू सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है।

### खाद्य तेल, राहर दाल की कीमतों में गिरावट

**रायपुर, 5 जनवरी ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में आई गिरावट के चलते यहां भी माहभर में इसकी कीमतों में 100 रुपये प्रति टिन तक की गिरावट आई है। कारोबारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही अभी बाजार में खाद्य तेलों की मांग कमजोर है। इसका असर भी कीमतों में देखने को मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि विदेश से आयातित खाद्य तेलों की आवक मांग की तुलना में काफी ज्यादा है। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों कमजोर आवक के चलते महंगी हो रही राहर दाल की कीमतों में गिरावट शुरू हो गई है। पखवाड़े भर में ही राहर दाल थोक बाजार में 700 से 800 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई है। राहर दाल इन दिनों थोक में 120 से 155 रुपये किलो और चिल्हर में 160 रुपये किलो तक बिक रही है। कुछ दिनों पहले राहर दाल की कीमत 170 रुपये किलो तक पहुंच गई थी। कारोबारी प्रसन्न धाड़ीवाल ने बताया कि खाद्य तेल बाजार में मंदी छाई हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार का प्रभाव भी पड़ा है। इसके चलते ही कीमतों में गिरावट बनी हुई है।

# हर्पिस जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायपुर 5 जनवरी।** महिला चेंबर प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर द्वारा सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी के सानिध्य में आज दिनांक 04-01-2024 को चेंबर भवन में हर्पिस (शिन्गल्स) जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी ने हर्पिस (शिन्गल्स) पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

श्रीमती पिंकी अग्रवाल जी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आगे कहा कि हर्पीज़ सिंप्लेक्स वायरस संक्रमण के कारण त्वचा, मुंह, होंठ (मुंह के छाले), आँखों या जननांगों पर छोटे, दर्दनाक, तरल पदार्थ से भरे फफोले के बार-बार होने की घटना होती है। सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी ने हर्पिस (शिन्गल्स) की जानकारी साझा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित व्यपरिगणों को प्रोजेक्टर



(चलचित्र) के माध्यम से बताया कि दुनिया भर में लाखों लोग हर्पीस वायरस से संक्रमित हैं। यह एक संक्रामक संक्रमण है और संक्रमित व्यक्ति की त्वचा, श्लेष्मा झिल्ली या शारीरिक तरल पदार्थ के सीधे संपर्क से फैल सकता है। इस बीमारी में प्रभावित क्षेत्र में दर्दनाक घाव या छाले, खुजली और जलन होती है। वायरस शरीर में निष्क्रिय रह सकता है और पुनः सक्रिय हो सकता है, जिससे लक्षण बार-बार उभर सकते हैं।

# सभी 11 सीटों पर भाजपा को जिताने बनाई गई रणनीति

- छग प्रभारी ओम माथुर, नितिन नबीन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए बैठक में शामिल

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 जनवरी।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने आज भाजपा के रणनीतिकारों की महत्वपूर्ण बैठक राजधानी में हुई। बैठक में छग प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नबीन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में सभी 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने पर मंथन किया गया।

भाजपा के संयोजक एवं अन्य प्रभारियों के अनुसार एयरपोर्ट के सामने एक निजी धर्मशाला में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं सवं सहप्रभारियों की बैठक हुई। बैठक में बस्तर, सरगुजा तथा अन्य सामान्य संभागों में जीत हासिल करने के लिए मंथन हुआ। मोदी के नेतृत्व में लड़े जाने वाले इस चुनाव में सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए विचार-विमर्श हुआ। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों का कहना है कि अयोध्या में निर्मित राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन पूरे प्रदेश में भव्य शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा के अरुण साव, रेणुका सिंह एवं गोमती साय ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। वे अब विधायक निर्वाचित हो गए हैं।

भाजपा सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए शीघ्र ही निगम मंडल का गठन कर दिया जाएगा। इसमें विधानसभा प्रभारियों तथा संगठन से जुड़े लोगों को महत्व दिया जाएगा। किरण देव भी अपनी नई टीम गठित करने जा रहे हैं।

# जिला अस्पताल में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधाएं

**रायपुर, 5 जनवरी।** जिला अस्पताल पंडरी आधुनिक मशीनों से मजबूत हुआ. जिला अस्पताल में ब्ज् स्कैन मशीन लगाया गया है. मशीन से फिलहाल निरूशुल्क जांच की जा रही है. प्राइवेट सेक्टर में अलग-अलग जांच के लिए 2000-8000 तक चार्ज लिया जाता है. इस दौरान मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी ने निरीक्षण किया.

पंडरी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार भंडारी ने कहा कि इलाज पद्धति में वरदान से कम नहीं है. मरीज़ों को निःशुल्क सेवा दिया जा रहा है. रेट निर्धारण के लिए फाइल भेजा गया है. मिनिमम रेट में मरीजों को इसका लाभ मिलेगा.

वहीं डॉ. आशुतोष रेडियोलॉजिस्ट ने कहा कि इलाज का एक आधुनिक पद्धति है. अंदर के बीमारियों को पता करने के लिए ब्ज् स्कैन किया जाता है. कोरोना के समय फेफड़ों में वायरस लोड जानकारी के लिए ब्ज् स्कैन से ही पता चलता था. सिटी स्कैन के बारे में लगभग अब सभी जानते हैं.

डॉक्टर निलय मोजलकर ने कहा कि अब लक्षण के आधार पर बीमारी समझ न थोड़ा मुश्किल होता है. कई सारे बीमारी एक्सरे में पता नहीं चल पाता है. सिटी स्कैन से बीमारी को पकड़ना आसान होता है. समय रहते सिटी स्कैन से बीमारी पता चलता है, जिसके कारण इलाज सही समय में मिल जाता है. एक्सीडेंट दुर्घटना में ज्यादातर अंदरूनी चोट का पता नहीं चल पाता. सिर का अंदरूनी चोट बहुत खतरनाक होता है. समय पर पता चलने से इलाज संभव होता है.

# महाकोशल के इतिहास पर शोध पत्रिका का विमोचन

**रायपुर 5 जनवरी।** पंडित लोचन प्रसाद पांडे जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ गौरव प्रचारक मण्डली इतिहास परिषद के स्थापना का 104 वां वर्ष के अवसर पर पण्डित लोचन प्रसाद पांडे द्वारा प्रकाशित देश की एक प्राचीन महाकोसल इतिहास शोध पत्रिका खंड-2 (1937) का प्रकाशित अंक का यथावत पुनर्प्रकाशित अंक का विमोचन माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री

स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन द्वारा विमोचन किया गया छत्तीसगढ़ के गौरव की चर्चा हुई संस्था के सचिव आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र ने कोसे के साल व श्रीफल से उनका सम्मान किया आशीर्वादात्मक शुभकामनाएं दी। मिश्र जी एवं उपस्थित जनों का विचार है कि पुरातत्व,इतिहास, संस्कृति साहित्य अभिलेख के क्षेत्र में पण्डित लोचन प्रसाद पाण्डेय के योगदान को देखते हुए एक शोध पीठ की स्थापना उनके नाम पर की जानी चाहिए क्योंकि विगत 125 वर्षों के अंतर्गत उनके योगदान से पुरा छत्तीसगढ़



का देश विदेश में पहचाना गया संप्रति संस्था के सचिव मिश्र जी के द्वारा उनके कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है वस्तुतः इस संस्था के योगदान के कारण अन्वेषण करने के द्वारा छत्तीसगढ़ की छवि देश-विदेश में स्थापित हुई। इस अवसर पर संस्था के सह-सचिव शुभम दिव्य एवं मनोज नायक ने पण्डित लोचन प्रसाद पाण्डेय के छायाचित्र मंत्री जी को भेंट की कार्यक्रम के अवसर पर प्रदीप मिश्रा, डॉ.प्रभा शर्मा,श्रीमती छाया झा,त्र्यंबक शर्मा,आनंद मोहन ठाकुर सुप्रिया अग्रवाल, शिखा सराफ,डॉ. सांत्वना ठाकुर,मनीष झा,महेंद्र मानिकपुरी, देवव्रत यादव आदि उपस्थित थे।

### हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के विरोध में नागरिक प्रतिरोध मार्च 7 को

**रायपुर, 5 जनवरी ।** संविधान के पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों के आदिवासियों और उनकी ग्राम सभाओं के सतत विरोध को दरकिनार करते हुए एक पूंजीपति की लूट और भ्रष्टाचार के लिए हसदेव अरण्य के समृद्ध जंगल जमीन, जलस्रोत और पर्यावरण का विनाश किया जा रहा है। फर्जी ग्राम सभाओं के प्रस्तावों के आधार पर अडानी की कंपनी को दी गई सभी स्वीकृतियां कोल ब्लाक के संबंध में भाजपा सरकार तत्काल प्रभाव से रद्द करें। उक्ताशय के विचार प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में छग बचाओं आंदोलन के अध्यक्ष आलोक शुक्ला छग किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते जोहार छग पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण श्योकंद एवं छग मुक्तिमोर्चा के कार्यकर्ता समिति के अध्यक्ष कलादास डहरिया ने संयुक्त रूप से व्यक्त किये।

# पत्रकारों के हितों के लिए बनाएं योजना: मुख्यमंत्री

**रायपुर 5 जनवरी।** देश के सबसे बड़े पत्रकार संघ- इंडियन जर्नलिस्टस यूनियन से जुड़े पंजीकृत स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने गुरुवार शाम प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की तथा उन्हें नववर्ष की बधाइयाँ दी एवं पत्रकारों के हितों के लिये योजना बनाने तथा कार्यक्रमों के लिये निवेदन किया। इस अवसर पर यूनियन के राज्य अध्यक्ष पी सी रथ, महासचिव विरेन्द्र कुमार शर्मा, संगठन सचिव सुधीर आज़ाद तम्बोली तथा हरिमोहन तिवारी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। नई सरकार के मुखिया को बधाई देते हुए पत्रकारों ने प्रदेश में पत्रकारों के कामकाज की परिस्थितियों में गुणात्मक सुधार लाने तथा संवैधानिक श्रम कानूनों का उन्हें लाभ दिए जाने के लिये आग्रह



किया। बधाई के साथ मुख्यमंत्री की पुष्पगुच्छ न लेने की घोषणा को ध्यान में रखते हुए प्रसिद्ध पर्यावरणविद अनुपम मिश्र की किताब ÷ कितने खरे हैं आज भी तालाब ÷ भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि इस किताब में प्राचीन काल से भारतीय उपमहाद्वीप में सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रूप से तालाबों को संरक्षित करने के बारे में विस्तृत उल्लेख है जिसमें प्राचीन छत्तीसगढ़ के अनेक उदाहरण भी दिए गए हैं।

# अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान से जुड़ें: दिनेश मिश्र

**रायपुर 5 जनवरी।** डायन या टोनही की धारणा हमारे देश में प्रमुख अंधविश्वासों में से एक है जिसमें किसी महिला को डायन (टोनही) घोषित कर दिया जाता है तथा उस पर जादू-टोना कर बीमारी फैलाने, गाँव में विपत्तियाँ लाने का आरोप लगाकर उसे लांछित किया जाता है। डायन (टोनही) के रूप में आरोपित इन महिलाओं को न केवल सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया जाता है, बल्कि उन्हें शारीरिक प्रताडऩा दी जाती है तथा समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में शारीरिक प्रताडऩा इतनी अधिक होती है कि वे महिनों शारीरिक जख्मों का दर्द लिये कराहती रहती है तथा गाँव में उन्हें उपचार मिलना भी संभव नहीं होता। सार्वजनिक रूप से बेइज्जती व अपमान के जख्म तो आजीवन दुख देते हैं। इन स्थानों पर प्रभावशाली समूह का दबाव इतना अधिक रहता है कि प्रताडऩा की घटनाओं की जानकारी गाँव के बाहर नहीं जा पाती तथा प्रताड़ित महिला व उसका परिवार नारकीय जीवन जीता रहता है, ऐसे मामलों में कई बार महिलाएँ आत्महत्या तक कर लेती है।



डायन (टोनही) के संदेह में प्रताडऩा के मामले में गाँवों के जनप्रतिनिधि व शासकीय कर्मचारी भी सामने आने का साहस नहीं कर पाते, ऐसे अधिकांश मामलों में जो जानकारी ही गाँवों से बाहर नहीं आ पाती, जिससे कथित बैगाओं का राज कायम हो जाता है। जो गाँव में सभी विपदाओं का कारण जादू-टोना व डायन (टोनही) बताकर, टोनही पकड़वाने, चिन्हित करने, गाँव बाँधने के नाम पर न केवल मनमानी राशि वसूलते हैं बल्कि किसी भी गरीब बेकसूर महिला को डायन (टोनही) घोषित कर हमेशा अभिशप्त जीवन जीने व प्रताडऩा सहने के लिये छोड़ देते हैं, इन बैगाओं द्वारा महिला को डायन (टोनही) न होने का प्रमाण देने के लिये ऐसी परीक्षाएँ ली जाती है जो किसी भी महिलाओं के लिये संभव नहीं है। ऐसे मामलों में खुद को निर्दोष साबित करना बहुत मुश्किल हो जाता है वह भी जब पूरा गाँव ही अंधविश्वास के कारण विरोध में खड़ा हो, जबकि वास्तविकता यह है कि डायन (टोनही) के रूप में घोषित की जाने वाली महिला में इतनी ताकत नहीं होती है कि आत्मरक्षा ही कर सके, दूसरों के नुकसान करना तो संभव ही नहीं है। हम पिछले 28 वर्षों से समाज में फैले अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिए अभियान चला रहे हैं जिसका एक प्रमुख हिस्सा डायन (टोनही) की धारणा का निर्मूलन भी है, इसलिये व्याख्यान, चमत्कारिक घटनाओं की वैज्ञानिक धारणा, विभिन्न ग्रामों में दौरा कर समझाना, अंधविश्वास का पर्याय बनने वाले मामलों की जाँच व सत्य की जानकारी, गोष्ठियाँ, बैठकें की जाती है। वहीं सामाजिक बहिष्कार जैसी कुरीति के भी अनेक मामले लगातार सामने आते रहते हैं।

# कैट ने पीएम मोदी से ई-कॉमर्स नीति और नियम लागू करने का आग्रह किया

**रायपुर 5 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेजे एक पत्र में ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया है। कैट ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि यह पता चला है कि ई-कॉमर्स नीति और नियम दोनों प्रधानमंत्री श्री मोदी की अप्रूवल के लिये लंबित है और इसलिए देश भर के व्यापारी श्री मोदी के अप्रूवल किए जाने का इंतज़ार कर रहे हैं जो व्यापार और देश के व्यापक हित में आवश्यक है।÷

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी और प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था पर ई-कॉमर्स के परिवर्तनकारी प्रभाव को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि एक व्यापक और अच्छी तरह से संरचित नीति जरूरी है जो निश्चित रूप से ई कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों द्वारा बनाए गए असमान स्तर के खेल को खत्म कर देगी जिससे देश का आम व्यापारी भी ई-कॉमर्स का लाभ उठा सकेगा। श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति के त्वरित कार्यान्वयन से न केवल बहुत जरूरी नियामक स्पष्टता मिलेगी बल्कि एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल को भी बढ़ावा मिलेगा। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना, छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देना और ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है जिसके लिये पालिसी एवं नियमों को अब लागू करना निहायत ही ज़रूरी हो गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26